




हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
बिलासपुर, सोमवार 31 मार्च 2025

### बिल्हा के मोहभट्ठा मैदान में आमसभा को किया संबोधित, 33 हजार 700 करोड़ के 22 प्रोजेक्ट्स लॉन्च

# प्रधानमंत्री मोदी बोले- कांग्रेस ने सिर्फ भ्रष्टाचार किया, छत्तीसगढ़ को हमने बनाया, हम ही संवारेंगे

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प दोहराते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ को हमने बनाया है और हम ही संवारेंगे। अपने 42 मिनट के भाषण में करीब दो लाख लोगों की भीड़ के सामने पीएम मोदी ने दावा और वादा किया कि अगले 25 सालों यानि 2050 तक छत्तीसगढ़ विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। राज्य की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलेंगी। इसके लिए उन्होंने प्रदेशवासियों से सहयोग और साथ मांगा।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

बिल्हा के मोहभट्ठा मैदान में 33 हजार 700 करोड़ के 22 प्रोजेक्ट्स लॉन्च करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह सारी योजनाएं प्रदेशवासियों को सुविधा देने के लिए हैं। इसमें लोगों के घर का सपना पूरा हो रहा है तो निर्बाध बिजली आपूर्ति हो सकेगी। घरों तक पाइप लाइन से गैस पहुंचेगी तो नए उद्योग लगने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इन योजनाओं में स्कूल, सड़क भी शामिल हैं।

पीएम मोदी ने इस दौरान कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने लोगों की चिंता कभी नहीं की और सिर्फ घोटाले और गड़बड़ी की। कांग्रेस की सरकार में भर्ती परीक्षाओं में खूब घोटाले हुए। भाजपा सरकार इन घोटालों की जांच कराते हुए परीक्षाओं में ▶▶| शेष पेज 6 पर

## दो लाख से ज्यादा घरों में सीधे पाइप से गैस पहुंचाने का लक्ष्य, सड़क, बिजली, रेल परियोजनाएं लोकार्पित






### पक्के घर का सपना कांग्रेस ने फाइलों में गुमा दिया

पीएम मोदी ने अपने भाषण में पीएम आवास के बारे में खास तौर पर जिक्र किया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पहले दिन छत्तीसगढ़ के 3 लाख गरीब परिवार अपने नए घर में गृहप्रवेश कर रहे हैं। मुझे यहां तीन लाभार्थियों से मिलने का अवसर मिला। उनके चेहरे पर खुशी नहीं समां ▶▶| शेष पेज 6 पर

### मोदी की सौगात से विकास की गति तेज होगी-सीएम

आमसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा ने कहा कि ऊर्जा, रेलवे, सड़क, आवास और शिक्षा के सेक्टर में 33 हजार 700 करोड़ की सौगात मिलने से प्रदेश के विकास को गति मिलेगी। सीएम ने विधानसभा चुनाव में पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनता से आह्वान किया था कि उस समय की भ्रष्टाचारी कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकना है। जनता ने ▶▶| शेष पेज 6 पर

### इतिहास की सबसे बड़ी जनसभा : खट्टर

अपने स्वागत भाषण में केंद्रीय आवास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि मुझे लगता है कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में सबसे बड़ी जनसभा है। खट्टर ने जय जोहार से लोगों को संबोधित किया। श्री खट्टर ने कहा कि 2047 तक देश विकसित राष्ट्र के रूप में जाना जाए। उद्योग बढ़ेंगे तो रोजगार मिलेगा और उसके लिए ऊर्जा की जरूरत होगी।



### मोदी को भेंट किया बिलासा देवी केवट का मोमेंटो

बिलासपुर , मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को आज एक विशेष मोमेंटो भेंट किया, जो छत्तीसगढ़ की वीरांगना बिलासा देवी केवट की स्मृति में तैयार किया गया है। यह मोमेंटो न केवल छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, बल्कि नारी शक्ति, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता की जीवंत अभिव्यक्ति भी है। छत्तीसगढ़ की बिलासा देवी एक साहसी, परिश्रमी और दूरदर्शी महिला थीं, जिनके नाम पर ▶▶| शेष पेज 6 पर

### 33,700 करोड़ की सौगात

**लोकार्पण 2,830 करोड़**

- रेलवे की 3 परियोजनाएं 1,188 करोड़ की
- अभनपुर-मंदिर हसौद खंड में मेमू ट्रेन का शुभारंभ
- छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क का 100% विद्युतीकरण
- सड़क अवसंरचना की 2 परियोजनाएं 950 करोड़ की
- ऊर्जा क्षेत्र की 3 परियोजनाएं 568 करोड़ की
- विद्या समीक्षा केंद्र का शुभारंभ 5 करोड़ रुपए का
- छत्तीसगढ़ में 130 पीएम श्री स्कूलों का शुभारंभ 114 करोड़ का

**शिलान्यास, 15,117 करोड़**

- रेलवे की 7 परियोजनाएं, 1,507 करोड़ की
- सड़क अवसंरचना की 1 परियोजना, 322 करोड़ की
- ऊर्जा क्षेत्र की 1 परियोजना, 9,791 करोड़ की
- तेल एवं गैस अवसंरचना की 2 परियोजनाएं, 3,497 करोड़ की

**कार्य प्रारंभ, 15,800 करोड़**

- छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन एससीटीपीपी, कोरबा 15,800 करोड़ के

गृह प्रवेश- प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत तीन लाख लाभार्थियों का गृह प्रवेश

### पीएम के कार्यक्रम में जा रहे थे सवार

## सोन नदी में गिरी बोलेरो दो की गई जान, 7 घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पेंड्रा

पेंड्रा थाना क्षेत्र के कोटमी कला इलाके में सोन नदी के किनारे एक बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में एक महिला समेत बोलेरो चालक की मौत हो गई, जबकि 7 अन्य घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि बोलेरो सवार 8 लोग मनेंद्रगढ़ बैकुंठपुर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने बिलासपुर जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक बोलेरो में 8 लोग सवार थे। पेंड्रा और कोटमी के बीच सोन नदी पुल के उपर से बोलेरो गुजर रही थी, इसी दौरान पेंड्रा पंडरीखार गांव की रहने वाली रमिताबाई पुल के ऊपर से फूल विसर्जन कर रही थी। अचानक महिला के सामने आने से बोलेरो अनियंत्रित हो गई एवं महिला को चपेट में लेते हुए पुल के नीचे जा गिरी। हादसे में चालक और महिला कुल 2 लोगों की मृत्यु हुई है व अन्य 7 घायल बताए जा रहे हैं, जिनमें से 5 की ▶▶| शेष पेज 6 पर

### गैरइरातन हत्या का अपराध दर्ज हो

मामले में कांग्रेस नेता पुष्पराज सिंह ने कहा कि लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण इस प्रकार के हादसों में आम लोगों की जानें जा रही हैं। सड़क चौड़ी, पुलिया सकरी होने से लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसके लिए लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर गैर इरातन हत्या का अपराध दर्ज होना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### चांद दिखा, आज देशभर में मनाई जाएगी ईद

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में रविवार शाम को ईद-उल-फित्र का चांद आसमान में नज़र आ गया। इसी के साथ रमज़ान का पवित्र महीना संपन्न हो गया और सोमवार को देशभर में ईद मनाई जाएगी। फतेहपुरी मस्जिद के शाही इमाम मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने कहा कि रविवार शाम ईद का चांद सामान्य तौर पर सबने देखा है।



### एसयूवी पलटी, दंपति और उनके बेटे की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के ब्यावर जिले में रविवार को एक एसयूवी के पलट जाने से उसमें सवार एक दंपति और उनके बेटे की मौत हो गई जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। मृतकों में पुखराज कुमावत (42), उनकी पत्नी पूजा (38) और उनके छह वर्षीय बेटे यशमित की मौत हो गई। इस घटना के समय स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) में सवार सभी लोग मंदिर जा रहे थे।

### नक्सलवाद पुनर्वास नीति लागू

## समर्पितों, पीड़ितों को मिलेगी राहत गोला-बारूद-शस्त्रों पर मुआवजा भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सलवादी, आत्मसमर्पण, पीड़ित राहत पुनर्वास नीति-2025 लागू हो गई है। इस नीति के तहत नक्सलवाद से पीड़ित व्यक्तियों और आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पुनर्वास के लिए मदद दी जाएगी। समर्पण करने वाले नक्सलियों को नकद राशि 50 हजार रुपए के साथ जमीन, मकान, और जो नक्सली हथियार, गोला-बारूद के साथ समर्पण करेंगे, उन्हें मुआवजा राशि भी मिलेगी। यह नीति अगले दो साल तक लागू रहेगी। वहीं कुछ प्रावधान आम जनता के उन व्यक्तियों के लिए भी लागू होंगे, जिन्होंने नक्सलियों के विरुद्ध अभियान में पुलिस को विशेष सहयोग किया ▶▶| शेष पेज 6 पर



### आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली कौन

नक्सल नीति में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को इस प्रकार परिभाषित किया गया है। भारत शासन, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विधि विरुद्ध क्रियाकलाप अधिनियम के अंतर्गत कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया माओवादी एवं उसके अग्र संगठन दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संघ, क्रांतिकारी आदिवासी बालक संघ, क्रांतिकारी किसान कमेटी, महिला मुक्ति मंच, आरपीसी या जनताना ▶▶| शेष पेज 6 पर

### ईनामी नक्सलियों को मिलेगा बड़ा इनाम

राज्य में सक्रिय रुपए 5 लाख या उससे अधिक के ईनामी नक्सली द्वारा आत्मसमर्पण के बाद शहरी क्षेत्र में अधिकतम 4 डिसमिल (1742 वर्गफुट) जमीन आवास के लिए अथवा ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतम 1 हेक्टेयर कृषि भूमि दी जाएगी। जमीन नहीं दिए जाने की स्थिति में अचल संपत्ति अथवा जमीन क्रय करने के लिए रुपए 2 लाख अनुदान राशि दी जाएगी। इस नीति में भूखण्ड का आकार एवं उसके बदले में मुआवजा राशि मात्र का समावेश ▶▶| शेष पेज 6 पर

### शादी के लिए 1 लाख

नीति के मुताबिक आत्मसमर्पण के बाद प्रति व्यक्ति को 50 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान दी जाएगी। अविवाहित अथवा जीवित पति, पत्नी न होने की स्थिति में आत्मसमर्पण करने के 3 वर्ष के भीतर आत्मसमर्पणकर्ता यदि विवाह करने का इच्छुक है तो उसको 1 लाख रुपए अनुदान राशि विवाह के समय दी जाएगी। विवाह की स्थिति में पति, पत्नी दोनों आत्मसमर्पित नक्सली होने की स्थिति में, दोनों को एक इकाई मानकर लाभ दिया जाएगा।

### उमड़ पड़ा सैलाब, प्रदेश के करीब दो लाख लोग जात्रा में हुए शामिल

## साल में एक बार दर्शन देती हैं निरई माता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

हरिभूमि खास

रविवार को निरई माता के जात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। लाखों लोगों की भीड़ में यहां एक भी महिला या बच्ची नजर नहीं आई। यहां तक कि महिला पुलिसकर्मी की भी ड्यूटी नहीं लगाई गई। तड़के 4 बजे से माता को विशेष मन्नत देने अपने अपने साधनों से श्रद्धालु निरईमाता के दरबार पहुंचने लगे। सुबह 8 बजे तक मातास्थल के एक किमी की परिधि में भीड़ इतनी उमड़ गई कि पैर रखने की जगह नहीं ▶▶| शेष पेज 6 पर

- नवरात्रि के प्रथम रविवार को साल में एक बार होता है दर्शन





### साल में एक बार होता है माता का दर्शन

मगरलोड ब्लाक के ग्राम मोहेरा में मां निरई माता का जात्रा परम्परानुसार धूमधाम से मनाया गया। साल में एक बार चैत्र नवरात्रि के प्रथम रविवार को माता निरई का दर्शन होता है। निरई माता सेवा समिति के पदाधिकारी नेमलाल साहू ने बताया कि मान्यता है कि मन्नत पूरी होने पर या मनोकामना ▶▶| शेष पेज 6 पर

### एकलौता देवी स्थल, जहां महिला प्रतिबंधित

माता निरई सेवा समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार निरई माता अपने भक्त को बेटे की तरह बैठाकर खाना खिलाती थी, जिस पर भक्त की पत्नी को मंशापाप हुआ। उसने माता को अपशब्द कह दिया, तब माता निरई नाराज होकर अपने दरबार तक किसी भी महिला को नहीं आने का श्राप दे ▶▶| शेष पेज 6 पर





## चैत्र नवरात्रि का पहला दिन

# देवी मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, प्रज्ज्वलित हुए मनोकामना ज्योति कलश





मां दंतेश्वरी मंदिर, दंतेवाड़ा



माँ महामाया अम्बिकापुर

निरई माता मंदिर, धमतरी



रायपुर। बिलासपुर के रतनपुर में बासन्ती चैत्र नवरात्र के पहले दिन रविवार होने के कारण माँ महामाया देवी मंदिर में रविवार को एक लाख से अधिक के भक्तों ने श्रद्धापूर्वक दर्शन किया।जगदलपुर संभाग के मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा में नवरात्रि के पहले श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिर में श्रद्धालुओं के 3500 तेल के और 950 घी के ज्योति कलश रविवार को विधि विधान से प्रज्ज्वलित किए गए। धमतरी जिले का निरई माता मंदिर साल में एक बार खुलता है। यहां पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

## खबर संक्षेप



### रूस, अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका ने लिया योग शरीर रचना पर प्रशिक्षण

**रायपुर।** एम्स के एनाटामी विभाग के प्रोफेसर डा. मृत्युंजय राठौर द्वारा ऋषिकेश में अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, रूस, यूरोप जैसे देशों से आए लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग शरीर रचना पर ट्रेनिंग दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वैश्विक ज्ञान का सेतु स्थापित करना था। इसमें आसनों और प्राणायाम की बायोमैकेनिक्स पर गहरी जानकारी के साथ मानव कंकाल मॉडल का उपयोग कर योग आसनों की सटीक बायोमैकेनिक्स को प्रदर्शित किया गया। कार्यशाला में यह भी अन्वेषण किया गया कि कैसे योग, अपनी गहरी प्राचीन विद्या के साथ, शारीरिक, मानसिक और आत्मिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए लागू किया जा सकता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को योग के शारीरिक सिद्धांतों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। प्रोफेसर राठौर की योग शरीर रचना में गहरी विशेषज्ञता ने सीखने के अनुभव को अत्यधिक प्रभावशाली और आकर्षक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एम्स के निदेशक अशोक जिंदल ने इस प्रकार की पहलों के महत्व पर जोर दिया।

### कोर्ट के आदेश पर लुटेरी दुल्हन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**रायपुर।** कोर्ट के आदेश पर मुजगहन थाने की पुलिस ने एक महिला तथा उसकी मां के खिलाफ ठगी तथा ब्लैकमेलिंग का अपराध दर्ज किया है। जिस महिला और उसकी मां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, उस महिला पर आरोप है कि उसने अपनी मां के साथ मिलकर कई लोगों के साथ बगैर तलाक लिए शादी की और पीड़ित को झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर फिरौती की मांग की। बोरियाकला निवासी डाकेश्वर देवांगन ने आरंग निवासी पूजा देवांगन उर्फ गीतांजली तथा उसकी मां गायत्री देवांगन के खिलाफ प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट आकांक्षा बेक की कोर्ट में परिवाद दायर किया था। डाकेश्वर ने कोर्ट में बताया कि उसने पूजा के साथ शादी की थी। शादी के बाद डाकेश्वर की पत्नी ज्यादातर समय अपने मायका में रहती थी। साथ ही पूजा डाकेश्वर के साथ रहने से बचती थी। इस पर डाकेश्वर को अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह हुआ और उसने अपनी पत्नी के बारे में जानकारी एकत्रित की।

### मधुसूदन चौक पर आज मनाएंगे उत्कल दिवस

**रायपुर।** उड़िया समाज द्वारा मधुसूदन चौक पर 1 अप्रैल को उत्कल दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर सहित संगठन के पदाधिकारी निगम के समस्त पार्षद शामिल होंगे। समाज के लोगों ने बताया कि इसकी शुरुआत 90 के दशक से ही शुरू हो गई थी और छत्तीसगढ़ में पहली बार 1994 में 1 अप्रैल को उत्कल दिवस मनाया गया।

## ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के कारण पिछड़ गए

# रायपुर व बिलासपुर स्मार्ट सिटी में 450 करोड़ के काम अधूरे, पूरा करने का आज अंतिम दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर/ रायपुर

> रायपुर और बिलासपुर स्मार्ट सिटी के तहत चल रही योजनाओं को पूरा करने कि अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 है। इस लिहाज से अंतिम दिन का समय बचा है। इन्हें अगले कुछ महीने में पूरा होने की उम्मीद भी दिखाई नहीं देती। देखा जाए तो फंड होने के बाद भी स्मार्ट सिटी के कई प्रोजेक्ट की रफ्तार धीमी है।

स्मार्ट सिटी मिशन को लेकर 7 अप्रैल को दिल्ली में होने वाली बैठक में तय होगा। स्मार्ट सिटी लिमिटेड रायपुर के एमडी व नगर निगम के कमिश्नर विश्वदीप ने बताया कि स्मार्ट सिटी बंद होगी या नहीं, इसका फैसला दिल्ली में होने वाली बैठक में लिया जाना है। बैठक के बाद ही पता चल पाएगा कि स्मार्ट सिटी मिशन जारी रहेगा या बंद होगा। इधर रायपुर में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत स्वीकृत प्रोजेक्टों में लगभग 250 करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट अभी भी अधूरे हैं। स्मार्ट सिटी मिशन अगर बंद होता है, तो अधूरे प्रोजेक्टों पर काम कैसे कराए जाएंगे।

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत सभी पूर्ण एवं अधूरे प्रोजेक्टों को नगर निगम को हैंडओवर किए जाएंगे या फिर किसी अन्य प्लान या मिशन के तहत अधूरे प्रोजेक्टों को पूरे किए जाएंगे, इन सारे सवालों के जवाब दिल्ली में होनी वाली बैठक के बाद ही मिल पाएंगे।

खास खबर

### रायपुर, नवा रायपुर एवं बिलासपुर स्मार्ट सिटी मिशन में शामिल

स्मार्ट सिटी मिशन में रायपुर, नवा रायपुर एवं बिलासपुर शहर को शामिल किया गया है। इन तीनों शहरों के लिए करीब साढ़े पांच सौ प्रोजेक्ट लाए गए थे। 5 हजार करोड़ से अधिक का फंड को स्वीकृति दी गई थी। स्मार्ट सिटी मिशन के प्रोजेक्टों में मल्टी लेवल पार्किंग, स्मार्ट बाजार, 24घंटे पानी की सुविधा, स्मार्ट सड़क, अंडरग्राउंड केबलिंग, ड्रेनेज सिस्टम में सुधार, ट्रैफिक सिस्टम में सुधार जैसे बड़े प्रोजेक्ट के अलावा तालाबों व उद्यानों का सौंदर्यीकरण, ओपन जीम, स्टेडियम, स्मार्ट बस स्टैंड, स्मार्ट चौराहा सहित कई तरह के प्रोजेक्ट शामिल हैं।




### स्मार्ट सिटी मिशन को लेकर 7 अप्रैल को दिल्ली में बैठक

*स्मार्ट सिटी मिशन को लेकर 7 अप्रैल को दिल्ली में बैठक है। इस बैठक में स्मार्ट सिटी मिशन को लेकर फैसला लिया जाएगा। इसके बाद ही स्मार्ट सिटी मिशन के अधूरे प्रोजेक्ट को लेकर कुछ बता पाएंगे। - **विश्वदीप**, एमडी, स्मार्ट सिटी रायपुर*

### बिलासपुर में 200 करोड़ के काम अधूरे

ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के कारण 100 करोड़ का अरपा के दोनों तरफ स्मार्ट सड़क, शटल टाइप पार्किंग, कन्वेंशनल सेंटर, 10 एमलडी के एसटीपी, स्मार्ट सड़क व नाली निर्माण के साथ ही दूसरे 200 करोड़ के काम अधूरे रह जाएंगे। ध्यान रहे कि स्मार्ट सिटी परियोजना में शामिल होने के बाद 2021-22 से 2024-25 तक बिलासपुर को 57 कार्यों की मंजूरी मिली है। इन कार्यों के लिए 390.52 करोड़ की स्वीकृति भी दी गई। इसमें 287.51 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। इस फंड से 48 प्रोजेक्ट पूरे हो चुके हैं तो 8 प्रोजेक्ट पर अभी काम चल रहा है। इसमें तीन प्रोजेक्ट को 31 मार्च 2025 तक पूरा होने का दावा किया जा रहा है। इधर स्मार्ट सिटी परियोजना का कार्यकाल मार्च 2025 में समाप्त हो रहा है। ऐसे में जो काम चल रहे हैं, उनके इस अवधि में पूरा होने की उम्मीद नहीं है। अधिकारी भी स्वीकार कर रहे हैं कि कुछ प्रोजेक्ट दिसंबर तो किसी को नवंबर 2025 तक पूरा हो सकेंगे।



## जापानी महिला का बैग चार माह पहले दिल्ली एयरपोर्ट से उठा लाया था रायपुर का युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र स्थित प्रोफेसर कॉलोनी में मिले जापानी महिला के बैग का मामला सुलझा लेने का दावा पुलिस ने किया है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से कूड़े के ढेर में बैग फेंकने वाले युवक की पहचान कर उससे संपर्क किया। संपर्क करने पर युवक के बेंगलुरु में



होने की जानकारी मिली। युवक को पूछताछ के लिए पुलिस ने थाने तलब किया है। जिस युवक ने बैग कूड़े के ढेर में फेंका था, उसे वह बैग एयरपोर्ट टर्मिनल से फ्लाइट तक छोड़ने जाने वाली बस में लावारिस हालत में मिला था। पुलिस के अनुसार, नितिश अग्रवाल को बस में लावारिस हालत में बैग मिला था। नितिश ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली से जयपुर जा रहा था। बस में उसे बैग लावारिस हालत में मिला था। फ्लाइट छूटने का समय हो रहा था। इस वजह से नितिश जल्दबाजी में बैग एयरपोर्ट अथॉरिटी को नहीं दे पाया और अपने पास रख लिया।

### कानूनी पचड़े के डर से नहीं दी जानकारी

नितिश ने पुलिस को फोन के माध्यम से जो जानकारी दी है, उसके मुताबिक, बैग में पासपोर्ट, वीजा होने की वजह से डर गया और उसे लगा कि किसी अज्ञात का पासपोर्ट, वीजा उसके पास से मिलने की वजह से पुलिस उसे परेशान कर सकती है। साथ ही नितिश ने कानूनी पचड़े में फंसने की डर से जानकारी पुलिस को नहीं दी और बैग रायपुर ले आया।

## एएसपी राठौर ने किया मामले का खुलासा

# हिस्ट्रीशीटर की हुई थी हत्या, गैंगस्टर के भांजे ने साथियों सहित दिया था अंजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कुख्यात गैंगस्टर तपन सरकार के गुर्गे हिस्ट्रीशीटर अवतार मरकाम की हत्या शुक्रवार की रात चिखली स्थित इंदर ढाबा में गैंगस्टर के भांजे आकाश मजूमदार एवं उसके साथियों ने पुरानी रंजिश को लेकर की थी। जेवरा सिरसा पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों का पुराना पुलिस रिकार्ड भी बेहद खराब है। वहीं, एक आरोपी अभी भी गिरफ्त से बाहर है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर ने रविवार की शाम पत्रकारवार्ता लेकर हत्याकांड का खुलासा किया। श्री राठौर ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने शुक्रवार की रात घटना के बाद एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट दुर्ग व जेवरा सिरसा पुलिस चौकी की संयुक्त टीम बनाकर हत्याकांड की तह तक पहुंचकर आरोपियों को गिरफ्तार करने का दिशा निर्देश दिए थे। घटना के संदर्भ में उन्होंने बताया कि शुक्रवार की देर रात लगभग 10:30 बजे जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र के चिखली स्थित इंदर ढाबा के पास निगरानी बदमाश हिस्ट्रीशीटर अवतार मरकाम की चाकू घोपकर हत्याकर दी गई थी।

### होली पर हुआ विवाद बना हत्या का कारण

पुलिस जांच में पता चला कि आकाश मजूमदार उर्फ सोना ने फोन करके अवतार मरकाम को बियर पीने इंदर ढाबा बुलाया। अवतार बियर पीने पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद दीपक ठाकुर, मुकेश चौहान उर्फ चीरा, मशान, होरीलाल ठाकुर उर्फ बाती ने चाकू घोपकर अवतार मरकाम की हत्या कर दी है। जांच में हत्या की वजह सभी आरोपियों ने यह बताई कि पुरानी रंजिश और होली के दिन हुए विवाद के बाद अवतार मरकाम को मारने की योजनाबद्ध तैयारी की गई। योजना के बाद आकाश उर्फ सोना ने अवतार मरकाम को कॉल करके बियर पीने बुलाया और उसके बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आकाश मजूमदार उर्फ सोना, मुकेश चौहान उर्फ चीरा, अमन साहू उर्फ मसान, हीरालाल पटेल उर्फ बाती को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। वहीं फरार आरोपी दीपक ठाकुर की तलाश जारी है।

### गैंगस्टर से जुड़े तार

मृतक अवतार मरकाम का सीधा संबंध प्रदेश के कुख्यात गैंगस्टर तपन सरकार के साथ रहा है। कई मामलों अवतार तपन के साथ केस पार्टनर भी बताया गया है। अवतार की हत्या में मुख्य आरोपी के तौर पर तपन के भांजे आकाश मजूमदार उर्फ सोना और उसके साथियों का संबंध भी गैंगस्टर के साथ है।

## वायशेप ब्रिज में फिर ट्रक पलटा

**भिलाई।** वायशेप ब्रिज में फिर एक ट्रक पलट गया। शनिवार की रात एक लकड़ी से भरा ट्रक अचानक पलट गया। घटना के बाद से सड़क पर आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। ट्रैफिक पुलिस को सूचना मिलने पर व्यवस्था को अपडेट किया गया। इसके पूर्व शुक्रवार रात को भी एक ट्रक प्रवेश द्वार को ठोकर मारते हुए पलट गया था। मिली जानकारी के मुताबिक ट्रक 04 एचवाई 9606 देर रात भिलाई से दुर्ग की ओर आ रहा था। जैसे ही ट्रैफिक चौक से ट्रक को राउंड में लेकर मोड़ा तो ट्रक की रफ्तार तेज होने से अचानक पलट गया। ट्रक में लोड सेंटरिंग की लकड़ी ब्रिज के नीचे जा गिरी। जिस समय घटना हुई, ब्रिज के नीचे कोई नहीं था, नहीं तो बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। ट्रक के पलटते ही लोग चालक को बचाने के लिए दौड़े। लोगों के मुताबिक चालक और क्लीनर दोनों को लोगों ने सुरक्षित बचा लिया है।

## पत्नी के नाम पर फर्म खोलकर 10 करोड़ की जीएसटी चोरी

**रायपुर।** सेंट्रल जीएसटी की टीम ने दुर्ग के एक कारोबारी को 10 करोड़ 38 लाख 83 हजार रुपए टैक्स चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। कारोबारी पर आरोप है कि वह अपनी पत्नी के नाम पर फर्म खोल फर्जी चालान पेश कर इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ ले रहा था। कारोबारी पर यह भी आरोप है कि उसने टैक्स जमा करने से बचने एक और फर्जी कंपनी खोलकर टैक्स चोरी की।

सेंट्रल जीएसटी की टीम ने टैक्स चोरी करने के आरोप में विनय कुमार टंडन को गिरफ्तार किया है। विनय अपनी पत्नी के नाम से ओविया ट्रेडर्स नामक फर्म का संचालन कर रहा था। टैक्स चोरी के मामले में चालान का मूल्य 70 करोड़ रुपए है। सेंट्रल जीएसटी की टीम ने कारोबारी को बिना माल या सेवाओं की आपूर्ति के फर्जी चालान के माध्यम से आईटीसी का लाभ उठाते हुए और उसे पास करते हुए पाया।

### इस तरह की टैक्स चोरी

सेंट्रल जीएसटी की टीम ने कारोबारी के व्यापार के बारे में खुफिया जानकारी एकत्रित कर लेन-देन का डेटा एनॉलिटिक्स की पड़ताल की, जिसमें आपूर्तिकर्ताओं के बैंक स्टेटमेंट और करदाता के ई-वे बिल डेटा और अन्य वित्तीय लेनदेन की जांच करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि आरोपी फर्जी बिल के आधार पर इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाने और उसे पास कराने में लिप्त था। साथ ही करदाता की आगे की जांच से यह भी पता चला कि कारोबारी के पास पहले से ही अपने नाम पर जीएसटी पंजीकरण था, जहां उसे 1 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का भुगतान करना था, जिसका कभी भुगतान नहीं किया गया और बकाया राशि का भुगतान करने के बजाय आरोपी ने धोखाधड़ी करने के लिए अपनी पत्नी के नाम पर एक और जीएसटी पंजीकरण कराया।

## पूर्व सीएम के ओएसडी को सीबीआई ने पूछताछ के लिए किया तलब

**रायपुर/भिलाई।** महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई ने छापे की कार्रवाई करने के बाद पूछताछ का सिलसिला शुरू कर दिया है। शनिवार देर शाम सीबीआई ने पूर्व मुख्यमंत्री के ओएसडी आशीष वर्मा के निवास पर दबिश दी थी। पूर्व मुख्यमंत्री के ओएसडी के निवास से संपत्ति संबंधित तथा अन्य दस्तावेज साथ लाने के बाद उसे रविवार को पूछताछ के लिए सीबीआई दफ्तर तलब किए जाने की चर्चा है। इसी तरह अफसरों को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किए जाने की जानकारी सूत्रों ने दी है। महादेव सट्टा एप को लेकर सीबीआई ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित सट्टा एप से जुड़े लोगों के अलग-अलग ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की थी।

## बैंकिंग और आयकर के नियमों में बदलाव से आम लोगों पर पड़ेगा असर

# नए वित्तीय वर्ष में कल से कई बदलाव रजिस्ट्री महंगी, शराब के दाम होंगे कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नए वित्तीय वर्ष से हर वर्ग की जेब पर कुछ न कुछ असर पड़ेगा। बहुत सी नई छूट मिलने से लाभ की मात्रा ज्यादा है। हालांकि कुछ मामलों में नियम पालन न करने पर जेब भी ढीली करनी पड़ सकती है। छत्तीसगढ़ में रजिस्ट्री महंगी होगी, वहीं शराब दुकानों में नई दर लागू होने से शराब सस्ती होगी। साथ ही 1 अप्रैल से बैंकिंग, टैक्स और डिजिटल ट्रांजेक्शन से जुड़े कई नियम बदलेंगे, जिनका सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा।

छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल से जमीन की रजिस्ट्री महंगी हो सकती है। रजिस्ट्री शुल्क में बदलाव होने से छत्तीसगढ़ सरकार ने संपत्ति खरीदने वाले मध्यम वर्ग को राहत दी है। अब संपत्ति की खरीदी-बिक्री पर रजिस्ट्री शुल्क गाइडलाइन दर के आधार पर ली जाएगी।

पहले 15 लाख रुपए की संपत्ति खरीदने पर रजिस्ट्री शुल्क 60 हजार रुपए होता था, अब यह शुल्क 40 हजार रुपए हो गया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने रजिस्ट्री में होने वाले फर्जीवाड़े को रोकने के लिए सुगम एप भी लॉन्च किया है। एप के जरिए आवेदक घर बैठे अपनी संपत्ति की रजिस्ट्री करा सकते हैं। एक बार रजिस्ट्री होने के बाद बिना क्रेता-विक्रेता की जानकारी, उसी जमीन की दोबारा रजिस्ट्री नहीं हो सकती।



### एटीएम से पैसे निकासी के बदलेंगे नियम

अगर किसी अन्य बैंक के एटीएम से पैसे निकालते हैं तो आरबीआई के नए नियमों के अनुसार ग्राहक दूसरे बैंक के एटीएम से महीने में केवल तीन बार निशुल्क पैसे निकाल सकेंगे। इसके बाद हर लेनदेन पर 20 से 25 रुपए शुल्क लगेगा।

### शराब दुकानों में लागू होंगे नए दाम

छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल से शराब सस्ती हो जाएगी। प्रदेश की 650 से अधिक शराब दुकानों में नए दाम लागू होंगे। आबकारी विभाग ने नई दरों की सूची जारी कर दी है। प्रीमियम व्हिस्की की कुछ बोतलें 40 रुपए से 3 हजार रुपए तक सस्ती हो रही हैं।

### गर्मी के चलते स्कूल समय परिवर्तित

जिले के समस्त शासकीय और अशासकीय शैक्षणिक संस्थाएं 1 अप्रैल से प्रातः 7 से लेकर 11 बजे तक संचालित की जाएंगी। इनमें एक ही पाली में लगने वाली समस्त शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं।

### पैन आधार लिंकिंग नियम

व्यवसायों के लिए इनपुट टैक्स क्रेडिट के तहत रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हो सकता है। नियमों का पालन न करने पर जुर्माना लगेगा। अगर पैन और आधार लिंक नहीं हैं तो टीडीएस की दर बढ़ सकती है और टैक्स रिफंड में देरी हो सकती है।

बिलासपुर
सोमवार, 31 मार्च 2025
चैत्र शुक्ल पक्ष द्वितीया
वर्ष : 25, अंक : 09
पृष्ठ : 10+4+4 = 18 मूल्य : 4.00***

मौसम
अधि. 38.8
न्यून. 22.6

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




# एक्सीडेंट में रोज जा रही 20 की जान, सबसे ज्यादा रायपुर, सबसे कम नारायणपुर में हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ में रोजना रोड़ हादसों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। आए दिन होने वाली इन दुर्घटनाओं के महज 59 दिन के हिसाब से ये तथ्य सामने आया है कि जनवरी से लेकर फरवरी 2025 के दो महीनों में राज्य में हर दिन 20 लोगों की मौतें सड़क दुर्घटनाओं में हुई है। राजधानी रायपुर जहां सबसे अधिक वाहनों की आवाजाही है, वहां हादसे भी सबसे अधिक हैं, और दूरदजार के नारायणपुर इलाके में जहां वाहन कम चलते हैं वहां सबसे कम हादसे दो महीनों में हुए हैं।

राज्य पुलिस मुख्यालय की यातायात शाखा ने पिछले दो महीनों जनवरी-फरवरी 2025 में हुए रोड़ एक्सीडेंट का जो आंकड़ा जारी किया है, उसके सामान्य विश्लेषण से यह तथ्य सामने आया है कि सड़क पर जान गंवाने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। बड़ी संख्या में लोग घायल हो रहे हैं। हालत ये है कि बड़े शहरों में हादसों की संख्या और मरने वालो से लेकर घायलों की तादाद भी तेजी से बढ़ी है।

## दो माह के आंकड़े चिंताजनक

### दो महीनों का हिसाब

जनवरी-फरवरी 2025 में राज्य के सभी 33 जिलों में कुल मिलाकर 2 हजार 562 रोड़ एक्सीडेंट की घटनाएं हुई हैं। इन घटनाओं में जान गंवाने वालों की संख्या 1 हजार 190 है। इन घटनाओं में कुल मिलाकर 2 हजार 308 लोग घायल हुए हैं। इन दो महीनों में हुए कुल दिन 59 है। इस हिसाब से राज्य में हर दिन 20 लोग रोड़ एक्सीडेंट में जान गंवा रहे हैं। इसी तरह करीब 40 लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं।




### रायपुर में सबसे ज्यादा, नारायणपुर में सबसे कम

राजधानी रायपुर जहां सबसे अधिक वाहन चलते हैं, यह शहर लगता है हादसों का शहर बनता जा रहा है। वजह ये है कि यहां 59 दिनों में 335 एक्सीडेंट हुए हैं, यहां मरने वालों की संख्या 110 है तथा घायल 224 है। सबसे कम नारायणपुर में हादसे हुए हैं। कारण ये कि ये इलाका बस्तर के दूरदराज के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में है। यहां वाहन भी कम संख्या में चलते हैं। नारायणपुर में रोड़ एक्सीडेंट की 7 घटनाएं हुई, इनमें 4 लोगों की मृत्यु हुई है। घायलों की संख्या मात्र 3 है। इनके अलावा राज्य के अन्य जिले जहां एक्सीडेंट में जान गंवाने वालों की संख्या इस प्रकार है। दुर्ग 76, कोरबा 74, बलौदाबाजार 62,जशपुर 59 रायगढ़ 56, महासमुंद 53,बालोद 50, बिलासपुर 49,जगदलपुर 49, सरगुजा 49,कांकेर 46 सुरजपुर 45, कबीरधाम 42 लोगों की जानें गई हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 40 सेकेंड में ही जमीन पर धड़ाम से गिरा रॉकेट



नई दिल्ली। यूरोप के स्पेस प्रोग्राम को रविवार को बड़ा झटका लगा जब नॉर्वे में एक रॉकेट उड़ान भरने के महज 40 सेकंड बाद ही क्रैश हो गया। इस घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें रॉकेट को फटते हुए देखा जा सकता है। यह रॉकेट यूरोप से सैटेलाइट लॉन्च को गति देने के लिए डेवलप किया गया था।

### चेन्नई जा रहे विमान का टायर फटा, सुरक्षित उतरा



चेन्नई। जयपुर से चेन्नई आ रहे विमान का टायर रविवार सुबह हवाई अड्डे पर उतरने से पहले फट गया और इसे आपातकालीन स्थिति में उतारना पड़ा। सभी यात्री और चालक दल के सभी सदस्य विमान से सुरक्षित उतर गए। विमान के हवाई अड्डे पर उतरने से पहले पायलट को टायर फटने का पता चला।

### नकली नोट चलाने के आरोप में दो महिलाएं गिरफ्तार



नई दिल्ली। दिल्ली की सरोजिनी नगर मार्केट में जाली नोट चलाने के आरोप में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी महिलाओं के पास से 100 रुपए मूल्य के 33 नकली नोट भी जब्त किए। हरियाणा के फरीदाबाद की रानी झा (22) और आकांक्षा देसाई को खुफिया जानकारी के आधार पर गिरफ्तार किया गया।

### भारतीय वायुसेना विभिन्न देशों के साथ करेगी युद्धाभ्यास



नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना सोमवार से यूनान में शुरू होने जा रहे 12 दिवसीय विशाल युद्धाभ्यास में हिस्सा लेगी। यूनान में युद्धाभ्यास में भारतीय वायुसेना सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों के साथ-साथ लड़ाकू क्षमता वाले आईएल-78 और सी-17 ग्लोबमास्टर के साथ शामिल हो रही है।

### म्यांमार में मांडले के निकट 5.1 तीव्रता का भूकंप



बैंकॉक। म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के निकट रविवार को 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। यह देश में शुक्रवार को आए विनाशकारी भूकंप के बाद से जारी झटकों की श्रृंखला में ताजा झटका है। शुक्रवार को शहर के पास 7.7 तीव्रता का भूकंप आया था।

## समर्पण करने वालों में 13 माओवादियों पर 68 लाख के ईनाम

# नक्सली लीडर वसव राजू के सुरक्षा गार्ड ने डाले हथियार, एक साथ 50 नक्सलियों का सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बस्तर में चलाए जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत रविवार को 68 लाख के 13 इनामी सहित 50 नक्सलियों ने एसपी कार्यालय में सरेंडर किया है। सरेंडर करने वालों में सेंट्रल कमेटी मेम्बर वांटेड वसव राजू का सुरक्षा गार्ड 8 लाख का इनामी सोनू हेमला भी शामिल है। समाज की मुख्यधारा में जुड़ने वाले सभी माओवादियों को प्रोत्साहन स्वरूप 25-25 हजार रुपए का चेक दिया गया। गौरतलब है, इस साल अभी तक 157 नक्सलियों ने समर्पण किया है। अभियान के दौरान जिले में अलग-अलग मुठभेड़ में 83 माओवादी मारे भी गए हैं।

आज सरेंडर करने वाले नक्सलियों में इनामी माओवादी में सेंट्रल कमेटी मेम्बर वसव राजू का सुरक्षा गार्ड सोनू हेमला भी शामिल हैं। अन्य इनामी माओवादियों में रविन्द्र कारम (19), निवासी पोलमपल्ली थाना बासागुड़ा पीएलजीए सदस्य इनाम 8 लाख, रोनी परसिक (22), निवासी कुरूष पटेलपारा थाना गंगालूर पीएलजीए सदस्य इनाम 8 लाख, राकेश कड़ती उर्फ राजू (30), निवासी बेचापाल पार्टी सदस्य इनाम 8 लाख, कोपे लेकाम (24), निवासी छोटे तुंगाली पार्टी सदस्य इनाम 8 लाख, शांति ताती उर्फ कल्पना (22), निवासी सावनार पार्टी सदस्या इनाम 8 लाख, सोनू हेमला (20), निवासी सावनार पार्टी सदस्य इनाम 8 लाख, भीमा ओयाम उर्फ जीवन (36), निवासी चुटवाही ▶▶|शेष पेज 6 पर





### इनका भी हुआ सरेंडर

इसके अलावा अन्य बिना इनामी नक्सलियों ने भी मुख्यधारा में शामिल होने आज सरेंडर किया है, उनमें यह बुधराम पदम उर्फ डोरा, पायकी पोटाम, आयतू पोटाम, आयतू कुरसम उर्फ इस्ता, लच्छू कुरसम उर्फ टक्का ,लक्ष्मण पदम उर्फ गोपी, लच्छू हेमला उर्फ रवि, लच्छू हेमला उर्फ बर्रे, सन्नू पुनेम, सुदरू कुरसम, सन्नू ताती उर्फ कोल्ला, रैनू पोटाम उर्फ डुम्मा, सुखराम पोटाम उर्फ बालैया, सन्नू पदम उर्फ श्याम सन्नू , लक्ष्मण पुनेम उर्फ ओडेस, आयतू पोटाम उर्फ कायदा, लक्ष्मण ▶▶|शेष पेज 6 पर

### घर वाले भी उन्हें वापस लाना चाहते हैं

पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने नक्सलियों से अपील की है कि वे सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ उठाएं और समाज की मुख्यधारा में शामिल हों। उन्होंने बताया है कि सरकार की पुनर्वास नीति के तहत मिलने वाले फायदों ने कई नक्सलियों को आकर्षित किया है। नक्सलियों के घर वाले भी उन्हें वापस लाना चाहते हैं और उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। बाहरी लोगों की भ्रामक बातों और विचारधारा से बाहर निकलें और समाज की मुख्यधारा में शामिल हों, जहां वे निर्भीक रूप से सामान्य जीवन व्यतीत कर सकें।

### शाह बोले- किया जाएगा पुनर्वास



नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को छत्तीसगढ़ में 50 नक्सलियों के आत्मसमर्पण की सराहना की और कहा कि जो लोग हथियार छोड़कर विकास का रास्ता अपनाएंगे, उनका पुनर्वास किया जाएगा। शाह ने शेष नक्सलियों से भी आत्मसमर्पण के लिए आगे आने और हथियार छोड़कर ▶▶|शेष पेज 6 पर

## नक्सलियों के दरभा डिविजन का सफाया

- उपमपल्ली मुठभेड़ में मारे गए 17 नक्सलियों पर 87 लाख का था ईनाम
- एसीएम रैंक के 10 नक्सली पर 5-5 लाख का था इनाम
- मुठभेड़ में 25 लाख का दरभा डिविजन सचिव बुधरा व 8 लाख का इनामी एक्शन टीम कमाण्डर माड़वी लिंगा भी मारा गया


जारी है नक्सलियों का संहार
फोर्स ने मारे 17 नक्सली

जगदलपुर। सुकमा जिले के उपमपल्ली मुठभेड़ में मारे गए सभी नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी है। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 11 महिला नक्सलियों सहित कुल 17 नक्सलियों के शव बरामद किया था, जिनपर 87 लाख रुपए का इनाम घोषित था। सुरक्षाबलों द्वारा मुठभेड़ में एसजेडसीएम दरभा डिविजन सचिव 25 लाख के इनामी कुहडामी जगदीश उर्फ बुधरा व दरभा डिविजन एक्शन टीम कमाण्डर 8 लाख का इनामी माड़वी लिंगा की भी ▶▶|शेष पेज 6 पर

### 87 दिन में 117 हार्डकोर माओवादी ढेर

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि सरकार के मंशा व जनता की इच्छा के अनुसार पुलिस मुख्यालय के मार्गदर्शन में बस्तर रेंज में तैनात डीआरजी, एसटीएफ, बस्तर फाईटर, कोबरा, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, सीएएफ व अन्य ▶▶|शेष पेज 6 पर

# मणिपुर- नगालैंड अरुणाचल प्रदेश में लागू रहेगा अफस्पा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मणिपुर में कानून-व्यवस्था की मौजूदा स्थिति को देखते हुए सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) को 13 पुलिस थाना क्षेत्रों को छोड़कर पूरे राज्य में अगले छह महीने के लिए और लागू रखने का रविवार को फैसला किया गया। अफस्पा अशांत क्षेत्रों में तैनात सशस्त्र बलों को व्यापक शक्तियां देता है और केंद्र की मंजूरी के बिना उनके खिलाफ मुकदमा चलाने पर रोक लगाता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, अफस्पा के तहत किसी विशेष राज्य या उसके कुछ क्षेत्रों को 'अशांत' घोषित किया जाता है और इस कानून को नगालैंड के आठ जिलों व पांच अन्य जिलों के 21 पुलिस थाना क्षेत्रों में अगले छह महीने तक और लागू रखने का फैसला किया गया है।

- गृह मंत्रालय ने 6 महीने बढ़ाई अवधि

### यहां प्रभावी नहीं होगा अफस्पा

अधिसूचना के अनुसार, मणिपुर के जिन पुलिस थाना क्षेत्रों में अफस्पा प्रभावी नहीं होगा, उनमें इंफाल वेस्ट जिले के इंफाल, लांफेल, सिटी, सिंगजामेई, पाटसोई और वांगोई थाना क्षेत्र; इंफाल ईस्ट जिले के पोरोम्पैट, हेइंगंग और इरिलबंग थाना क्षेत्र;थौबल जिले का थौबल थाना क्षेत्र; बिष्णुपुर जिले के बिष्णुपुर और नामबोल थाना क्षेत्र तथा काकचिंग जिले का काकचिंग थाना शामिल हैं।

### समीक्षा के बाद बढ़ाई गई

गृह मंत्रालय ने एक अलग अधिसूचना में कहा कि नगालैंड में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की गई, जिसके बाद राज्य के दीमापुर, निउलैंड, चुमौकेदिमा, मोन, किफिर, नोकलाक, फेक और पेरेन जिलों को सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 की धारा 3 के तहत एक अप्रैल 2025 से अगले छह महीने के लिए 'अशांत क्षेत्र' घोषित करने का फैसला किया गया है।

## रूसी सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बेड़े की कार में ब्लास्ट



एजेंसी ▶▶| मास्को

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बेड़े में एक कार में अचानक आग लग गई, जिससे अफरातफरी मच गयी। एक लक्जरी लिमोजिन जो उनके आधिकारिक कार बेड़े का हिस्सा थी, उसमें आग लग गई। जिसके बाद संघीय सुरक्षा सेवा मुख्यालय के ठीक उत्तर में मास्को की सड़कों पर विस्फोट हो गया।

वीडियो फुटेज में पुतिन की ऑरस सीनेट लिमोजिन, जिसकी कीमत लगभग 356,000 डॉलर है। उसके इंजन में आग लगती हुई दिखाई दी, जो बाद में कार के अंदर तक फैल गई। आस-पास के रेस्टोरेंट और बार के लोग फायर ब्रिगेड सर्विस के पहुंचने तक आग बुझाने में मदद करने के लिए स्त्रेतेंका स्ट्रीट पर इकट्ठा हो गए थे। लिमोजिन में आग की जानकारी नहीं मिल पाई है, लेकिन यह पुष्टि जरूर हो गई है कि कार में सवार लोग सही समय पर बाहर निकल आए थे।

### काले धुएं का गुबार

फुटेज में कार के इंजन से काले धुएं का गुबार निकलता हुआ दिखाई दिया। लिमोजिन कार एफएसबी मुख्यालय के पास लुब्यंका में जल रही थी। 72 वर्षीय पुतिन रूस निर्मित लिमोजिन का उपयोग करने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने इसे उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन सहित अपने सहयोगियों को उपहार में भी दिया है।

### जेलेंस्की ने दी थी पुतिन की मौत की चेतावनी

मॉस्को में पुतिन की कार में विस्फोट ऐसे समय में हुआ है, जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने चेतावनी दी थी कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन के खराब स्वास्थ्य के कारण जल्द ही उनकी मृत्यु हो जाएगी। ज़ेलेंस्की ने कहा था, वह जल्द ही मर जाएंगे, यह एक तथ्य है और सब कुछ ख़त्म हो जाएगा।

## ग्राम पंचायत घुटरा का मामला, अवैध उत्खनन पर लगाम नहीं

# अवैध कोयला खनन के दौरान मिट्टी धंसी, दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मनेन्द्रगढ़

अवैध कोयला खनन के दौरान मिट्टी धंसने से दो ग्रामीणों की मौत हो गई। यह घटना ग्राम पंचायत घुटरा के धुनैटी नदी में हुई, जहां वन विभाग और राजस्व विभाग की मिलीभगत से कई वर्षों से अवैध रूप से कोयला निकाला जा रहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फाटपानी निवासी इंद्रपाल अगरिया उम्र 50 वर्ष और राजेश अगरिया नदी में कोयला निकालने गए थे। इस दौरान अवैध खदान में अचानक मिट्टी धंसने से दोनों ग्रामीण उस



मिट्टी में दब गए। घर नहीं लौटने पर परिजन ने खोजबीन शुरू की। पांचवे दिन जब परिजन ने खनन स्थल पर पहुंचकर खोजबीन की तो वहां चप्पल और टिफिन मिला, इससे ▶▶|शेष पेज 6 पर



### वनविभाग कर रहा अनदेखी

वन विभाग की लापरवाही और अनदेखी के चलते इस अवैध खनन के कारण दो व्यक्तियों की मौत हो गई है। यह घटना एक गंभीर सवाल खड़ा करती है कि कैसे वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इस खनन के बारे में जानते हुए भी कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। इस पूरे मामले में अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करना और कड़ी कार्रवाई करना जरूरी है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके और वन संपदा की सुरक्षा हो सके।

## 11 डिब्बे पटरी से उतरे

# कामाख्या एक्सप्रेस बेपटरी 1 यात्री की मौत, 7 घायल

एजेंसी ▶▶| कटक

ओडिशा के कटक जिले में रविवार को एक एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतर जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में सात अन्य घायल हो गए। पूर्वी तटीय रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि एसएमवीटी बेंगलुरु-कामाख्या एसी एक्सप्रेस के 11 डिब्बे मंगुली के पास निरगुंडी में पटरी से उतर गए। हेल्पलाइन नंबर 8455885999 और 8991124238 हैं।



### तीन ट्रेनों के मार्ग बदले

यह दुर्घटना अत्यंत महत्वपूर्ण हावड़ा-चेन्नई मार्ग की डाउन लाइन पर हुई, जिससे रेल सेवाएं प्रभावित हुईं। तीन ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। ये ट्रेनें धौली एक्सप्रेस, नीलांचल एक्सप्रेस और पुरुलिया एक्सप्रेस हैं। दुर्घटना स्थल को जल्द से जल्द साफ करने के प्रयास किए जा रहे हैं ।

## नवरात्रि : कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच तीर्थयात्रियों ने की पूजा-अर्चना

# माता वैष्णोदेवी मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

एजेंसी ▶▶| रियासी

चैत्र नवरात्रि उत्सव शुरू होने पर जम्मू-कश्मीर की त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में रविवार को तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए भवन के आधार शिविर और मार्ग पर 'एआई-सक्षम सीसीटीवी कैमरों' और ड्रोन से निगरानी की जा रही है तथा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। शनिवार को 48,000 तीर्थयात्रियों ने पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन किए, जबकि रविवार को आधार शिविर से लेकर मंदिर तक लंबी कतारें देखी गईं।

### कटरा से भवन तक लंबी कतारें

कटरा से भवन तक लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं। उन्होंने कहा कि निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए कटरा से भवन तक मार्ग पर सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन टीम तैनात की गई हैं। यात्रा का प्रबंधन करने वाले श्राइन बोर्ड ने श्रद्धालुओं के लिए तीर्थयात्रा को आसान बनाने के लिए नयी पहल की है। कई श्रद्धालुओं ने कहा कि वे बोर्ड द्वारा की गई व्यवस्थाओं से खुश हैं।



**नवरात्रि के पहले दिन श्रद्धालुओं में खुशी :** दिल्ली के अमित शर्मा ने कहा, नवरात्रि के पहले दिन, हम गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना करके धन्य महसूस कर रहे हैं। हालांकि भारी भीड़ के कारण थोड़ी कठिनाई होती है, लेकिन जब आप भवन में पर्यावरण और आध्यात्मिकता की सुंदरता का अनुभव करते हैं, तो सब भूल जाते हैं।बोर्ड की व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए पुणे निवासी श्रद्धालु सुधाकर कदम ने कहा कि हिंदू नव वर्ष और नवरात्रि के पहले दिन यहां आकर पूजा-अर्चना करना एक सपने के सच होने जैसा है।

### गंगोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल को सुबह साढ़े 10 बजे खुलेंगे

उत्तरकाशी। उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर रोहिणी नक्षत्र में सुबह साढ़े दस बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इसी दिन उत्तरकाशी जिले में स्थित एक अन्य धाम यमुनोत्री के कपाट भी खोले जाएंगे। इसके साथ ही प्रदेश में चारधाम यात्रा की शुरुआत हो जाएगी। गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि हिंदू नववर्ष व चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के नवरात्रि के पहले दिन रविवार को गंगोत्री धाम के कपाट खुलने का मुहूर्त निकाला गया। उन्होंने बताया कि देवी गंगा की उत्सव डोली अपने शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा गांव से 29 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे गंगोत्री धाम के लिए प्रस्थान करेगी।

## चिंतन

# सड़क नियमों पर सख्ती और जागरूकता जरूरी

मृत्यु जीवन का अटल सत्य है, लेकिन असामयिक मृत्यु हो जाए तो महज सुनकर ही रूह कांप जाती है और जिनके परिवार में ऐसा होता है तो उनका क्या हाल होता है, अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। अपने देश में हर चार मिनट में एक अकाल मृत्यु होती है और इसका कारण होता है सड़क हादसा। विश्व बैंक की 2021 में आई एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में दुनिया के एक प्रतिशत वाहन हैं, लेकिन वाहन दुर्घटनाओं के चलते विश्वभर में होने वाली मौतों में 11 प्रतिशत मौतें भारत में होती हैं। देश में हर घंटे 53 सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और हर चार मिनट में एक मौत होती है। खासकर दोपहिया वाहनों से जुड़े हादसों में हर साल 69,000 से अधिक लोग मारे जाते हैं, जिनमें से 50% मौतें हेलमेट न पहनने की वजह से होती हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं के चलते 5.96 लाख करोड़ रुपये यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 3.14 प्रतिशत के बराबर नुकसान होता है। इसके लिए न केवल कड़े कानून बनाने की जरूरत है बल्कि हर देशवासी को सड़क हादसों के प्रति जागरुक किया जाना बहुत जरूरी है। हालांकि नितिन गडकरी के सड़क परिवहन मंत्रालय संभालने के बाद आम नागरिक को सड़क नियमों के प्रति अगाह करने के उद्देश्य से चालान दरों में भारी वृद्धि भी की गई, लेकिन सड़क हादसों में कोई कमी आती नजर नहीं आ रही। इसी को देखते हुए अब देश में बिकने वाले हर टू-व्हीलर के साथ कंपनियों को 2 आईएसआई सर्टिफाइड हेलमेट देने होंगे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यह घोषणा नई दिल्ली में हुए एक ऑटो समिट में की। उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा के लिए ये जरूरी है। टू-व्हीलर हेलमेट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने भी इसका समर्थन किया है। दो पहिया चालकों की सुरक्षा के लिए यह अच्छा कदम है, लेकिन सड़क हादसों पर पूरी तरह से लगाम लगाने के लिए हमें उन कारणों को भी जानना होगा जिनके चलते हादसे होते हैं। आंकड़ों के अनुसार, सड़क दुर्घटनाएं अत्यधिक गति, मोबाइल फोन का उपयोग, शराब और नशीली दवाओं का सेवन कर वाहन चलाने, गलत साइड या लेन पर वाहन चलाने, अनुशासनहीनता, लाल बत्ती पार करने, हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न करने, वाहनों की स्थिति, मौसम की स्थिति, सड़क की स्थिति आदि जैसे अनेक कारणों से होती हैं। मसलन लापरवाही दुर्घटनाओं के लिए सबसे बड़ा कारण है। कई चालक यातायात नियमों का पालन नहीं करते। देश में कई स्थानों पर खराब सड़क डिजाइन भी दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं। शहरी क्षेत्रों में अत्यधिक ट्रैफिक और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती हैं। हमें ध्यान देना होगा कि हर साल सड़क सुरक्षा के नाम पर पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है। कभी सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है तो कभी सुरक्षा सप्ताह, लेकिन ये हादसे हैं कि घटने के बजाय बढ़ते जा रहे हैं। कारण यही है कि आम जनमानस सड़क नियमों के प्रति जागरूक नहीं है। बहुत जरूरी है कि हम स्कूली शिक्षा में सड़क सुरक्षा का भी समावेश करें ताकि हमारी नई पीढ़ी को बचपन से ही इसके प्रति जागरूक किया जा सके। इसके अलावा सड़कों पर सख्ती भी बहुत जरूरी है। देखा जाता है कि नियम तोड़ने वाला सौ-दो सौ देकर छूट जाता है। सरकार को एक विशेष विभाग बनाकर इस पर सख्ती करनी चाहिए और जहां हादसा होता है, वहां के जिला अधिकारी की जवाबदेही तय हो, तभी हम अकाल मौत के आंकड़ों को नियंत्रित कर पाएंगे।

# एक साल में कैसे खत्म होगा नक्सलवाद



**लाल आतंक**
उमेश चतुर्वेदी

> केंद्रीय गृहमंत्रालय के आंकड़ों पर भरोसा करें तो बीते तीन महीनों में ही सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 119 नक्सली मारे जा चुके हैं। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को यह कामयाबी सिर्फ 10 मुठभेड़ों में ही मिली हैं। बीते साल यानी 2024 में मुठभेड़ों में 239 नक्सली मारे गए थे। यानी सिर्फ सवा साल की अवधि में ही 358 नक्सली मारे जा चुके हैं। इतने नक्सलियों के मारे जाने और भारी संख्या में नक्सलियों के आत्म समर्पण करने का संकेत साफ है कि अब नक्सलियों की कमर टूटती जा रही है। शायद यही वजह है कि अमित शाह संसद में पूरे आत्मविश्वास के साथ ऐलान कर रहे हैं कि नक्सलवाद देश में आखिरी सांसें गिन रहा है।

इसे संयोग कहें या कुछ और, बीते 21 मार्च को जब छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में सुरक्षा बलों के हाथों तीस नक्सली मारे गए, उसी वक्त केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह संसद में नक्सलवाद के सफाए का ऐलान कर रहे थे। अमित शाह का कहना था कि अगले 375 दिनों में नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा। अगर तारीखों के हिसाब से कहें तो केंद्र सरकार ने 31 मार्च 2026 तक कभी लाल आतंक के नाम से कुख्यात रहे नक्सलवाद के सफाए का लक्ष्य रखा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या सचमुच नक्सलवाद आखिरी सांसें ले रहा है और जल्द ही आतंक का पर्याय रही ये विचारधारा अतीत बन जाएगी। साल 2025 के अभी तीन महीने ही गुजरे हैं, लेकिन इस बीच नक्सलवाद को लेकर जो आंकड़े सामने हैं, उनसे तो लगता यही है कि नक्सलवाद अब गिने-चुने दिनों की ही बात है।

केंद्रीय गृहमंत्रालय के आंकड़ों पर भरोसा करें तो बीते तीन महीनों में ही सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 119 नक्सली मारे जा चुके हैं। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को यह कामयाबी सिर्फ 10 मुठभेड़ों में ही मिली हैं। बीते साल यानी 2024 में मुठभेड़ों में 239 नक्सली मारे गए थे। यानी सिर्फ सवा साल की अवधि में ही 358 नक्सली मारे जा चुके हैं। इतने नक्सलियों के मारे जाने और भारी संख्या में नक्सलियों के आत्म समर्पण करने का संकेत साफ है कि अब नक्सलियों की कमर टूटती जा रही है। शायद यही वजह है कि अमित शाह संसद में पूरे आत्मविश्वास के साथ ऐलान कर रहे हैं कि नक्सलवाद देश में आखिरी सांसें गिन रहा है।

साल 2010 के आंकड़ों के हिसाब से देश के तकरीबन छठवें हिस्से में नक्सलवाद का प्रभाव था। झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश तक नक्सलवाद फैला हुआ था। गृहमंत्रालय के आंकड़ों के हिसाब से तब देश के 96 जिलों में आतंकवाद का खूनी पंजा फैला हुआ था। यूं तो हर सरकार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाती रही है,लेकिन इसमें तेजी केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद आई। नक्सलवाद को ज्यादातर सरकारें कानून और व्यवस्था का मामला मानती रहीं, उसके जिम्मेदार सामाजिक कार्यों को किनारे रखा जाता रहा। मोदी सरकार ने इसे कानून और व्यवस्था का मामला तो माना, लेकिन उसके साथ ही इसे सामाजिक नजरिए से भी देखना शुरू किया।

नक्सलवाद को लेकर कहा जाता रहा है कि जहां विकास नहीं पहुंचा, जहां शोषण की अर्थव्यवस्था रही, वहीं नक्सलवाद को पनपने का ज्यादा मौका मिला। शायद इसी वजह से नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास के पहिये को तेजी से दौड़ाने की तैयारी हुई। सड़कों और रेल लाइन की पहुंच नक्सल प्रभावित इलाकों में बढ़ाने की शुरुआत हुई। बीते आठ वर्षों में 10718 करोड़ की लागत से नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 9356 किमी सड़कों का निर्माण किया गया।

इन इलाकों में तैनात केंद्रीय बलों तैनात केंद्रीय बलों द्वारा स्थानीय आबादी के लिए जहां स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने शुरू हुए, वहीं उन्हें मुफ्त में जरूरी दवाएं दी जाने लगीं। इसी तरह उन इलाकों में पेयजल सुविधा बढ़ाने, सोलर लाइट की सुविधा देने के साथ ही खेती के



उपकरण और बेहतर बीच आदि देने की कोशिश तेज हुई। गृहमंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, साल 2014 से अब तक इन मदों में नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 140 करोड़ रुपये के काम किए जा चुके हैं। डाक विभाग ने 90 नक्सल प्रभावत प्रभावित जिलों में, तकरीबन हर तीन किलोमीटर पर सिर्फ आठ वर्षों में ही 4903 नए डाकघर खोले हैं। इसी तरह अप्रैल-2015 से लेकर अब तक 30सर्वाधिकनक्सल प्रभावित जिलों में 1258 नई बैंक शाखाएं और 1348 एटीएम लगाए गए हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में संचार की सुविधा बढ़ाने के लिए पहले चरण में 4080 करोड़ रूपये की लागत से 2343 मोबाइल टावर लगाए गए तो दूसरे चरण में 2210 करोड़ से 2542 मोबाइल टावर लगाए जा रहे हैं।

इन इलाकों में 245 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बनाने की तैयारी है, जिनमें 121 काम शुरू कर चुके हैं। इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि नक्सल उग्रवाद ऐसे क्षेत्रो में तेजी से पनपा, जहां गरीबी ने जड़ें जमा रखी थी। नक्सली विचार प्रभवित समूहों ने इन इलाकों के लोगों के असंतोष को खाद पानी के रूप में इस्तेमाल किया और इस तरह उग्रवाद को बढ़ावा मिला। इन समूहों को स्थानीय समर्थन मिलने के कारण सुरक्षा संस्थाओं को अपना काम करने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था, परन्तु 2014 के बाद हालात बदले। दूसरी तरफ उग्रवादी समूहों को हो रही फंडिंग पर रोक लगाने के लिए चौकसी बढ़ाई गई। इसके तहत नक्सल प्रभावित राज्यों ने जहां 22 करोड़ की संपत्ति जब्त की, वहीं प्रवर्तन निदेशालय ने तीन और एनआईए ने पांच करोड़ की संपत्ति जब्त की।

नक्सली हिंसा की जांच के लिए एनआईए में अलग से एक सेक्शन बनाया गया। जिसे अब तक 55 मामलों की जांच सौंपी जा चुकी है। इसी तरह विशेष कार्रवाई के लिए विशेषज्ञ सुरक्षाबलों पर जोर दिया गया और सूचनाओं को साझा करने का नेटवर्क विकसित किया गया। नक्सलरोधी ऑपरेशन के लिए केंद्रीय और राज्यों विशेष ऑपरेशन टीमें बनाई गईं। सुरक्षा बलों और नक्सलियों पर निगाह के लिए तकनीक को बढ़ावा भी दिया गया। इसके तहत लोकेशन मोबाइल फोन और दूसरी तकनीक सुरक्षा बलों को मुहैया कराई गईं। द्रोण कैमरों से नक्सलियों पर निगाहबानी शुरू हुई और कैजुअल्टी या विशेष ऑपरेशन के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की गई। शायद यही वजह रही कि संसद में नक्सल ऑपरेशन को लेकर गृहमंत्री अमित शाह बेहद आत्मविश्वास में नजर आ रहे थे। उन्होंने कहा, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में प्रमुख जगहों पर सीआरपीएफ और इसकी विशेष इकाई 'कोबरा' ही माओवादियों से लोहा ले रही है। इन बलों ने ऐसी रणनीति बनाई है, जिसमें नक्सलियों के पास दो ही विकल्प, 'सरेंडर' करो या 'गोली' खाओ, बचे हैं। अब ऐसा कोई इलाका नहीं बचा है, जहां सुरक्षा बलों की पहुंच न हो। वे महज 48 घंटे में 'फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस' स्थापित कर आगे बढ़ रहे हैं। अब नक्सलियों के लिए जंगलों में अधिक दूरी तक पीछे भागना भी संभव नहीं हो रहा। उनकी सप्लाई चेन कट चुकी है। नक्सलियों की नई भर्ती तो पूरी तरह बंद हो चुकी है। इतना ही नहीं, घने जंगलों में स्थित नक्सलियों के ट्रेनिंग सेंटर भी तबाह किए जा रहे हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में अमन-चैन हो और बिना खून बहाए ही लोग अपनी शिकायत लोकतांत्रिक ढंग से रख सकें। इसका विरोध शायद ही कोई करेगा। नक्सलवाद का आतंक खत्म हो, इसका स्वागत ही होना चाहिए। लेकिन व्यवस्था को यह भी देखना होगा कि भविष्य में ऐसे हालात फिर ना बनें, जिससे फिर से नक्सलवाद को बढ़ने को मौका मिले। क्योंकि विचार केंद्रित एक्शन भले ही रुक जाए, विचार कभी नहीं मरते।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## प्रेरणा दिवस

शिवप्रकाश



# नववर्ष पर लें नव संकल्प

भारतीय कालगणना के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को विक्रमी संवत 2082 प्रारंभ हो रहा है। आंग्ल तिथि के अनुसार 30 मार्च रविवार का यह दिन है। भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक अनेक ऐतिहासिक प्रसंग चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ जुड़े हैं। पृथ्वी की उत्पत्ति के कारण पृथ्वी संवत, सृष्टि प्रारंभ दिवस के कारण सृष्टि संवत, श्रीराम जी का राज्याभिषेक, कलयुग संवत, युधिष्टिर संवत, विक्रम संवत (2082), शालिवाहनशक संवत (1947),युगाब्द (5127),मालव संवत, गुडी पाडवा, आर्य समाज स्थापना, उगादि, गुरु अंगद देव का जन्म दिवस एवं झूलेलाल का अवतरण दिवस आदि सभी प्रेरणा दिवस इस शुभ दिन के साथ जुड़े हैं। शक्ति की उपासना के प्रतीक नवदुर्गा का प्रारंभ एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्म भी वर्ष प्रतिपदा ही है। भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक जीवन की समस्त विधाओं में भारत की अग्रगणीयता, आर्थिक समृद्धि, प्रकृति में वसंत अर्थात सम्यक परिवर्तन की दिशा का संदेश संपूर्ण मानवता को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा देती आई है। भारतीय समाज में व्यैक्तिक एवं सामूहिक जीवन में उत्थान के लिए नववर्ष पर नव संकल्प लेने की परंपरा है। इस विक्रम संवत के आगमन पर हम हर्ष एवं उल्लास के साथ नव वर्ष का स्वागत करें एवं भावी समाज को संरक्षित करने की दिशा में नवसंकल्प लें। शरीरमाध्यम्खलु धर्म साधनम् (अर्थात धर्म के साधन का मार्ग स्वस्थ शरीर ही है) भारत में असावधानी के कारण हमारा खानपान स्थूल (मोटापा) शरीर का निर्माण कर रहा है, जिसके कारण अनेक रोग हमारे शरीर को अपना घर बना रहे हैं। दुनिया के देशों की तुलना में हमारे देश में गंभीर रोगों का औसत अधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित करते हुए "फिट इंडिया" का संदेश दिया था। नव वर्ष पर यदि हम अपनी प्रतिदिन की दिनचर्या में संतुलित आहार, व्यायाम एवं योग को स्थान देंगे तब हमारा स्वास्थ्य अच्छा होगा। हमारा स्वास्थ्य ही राष्ट्र के स्वास्थ्य से जुड़ा है। इसको हम प्रतिदिन का संकल्प बनाएं। भारतीय समाज के चिरंजीवी होने के अनेक कारणों में से महत्वपूर्ण है हमारी पारिवारिक व्यवस्था। संपूर्ण विश्व इस पारिवारिक व्यवस्था का अध्ययन एवं अनुपालन करने का प्रयास कर रहा है। परिवार के सभी सदस्यों में सामूहिकता, सुरक्षा, परस्पर प्रेम और आत्मीयता का अंकुरण होता है। हम अपने परिवार के वृद्धों को सम्मान एवं आत्मीयता दें। इसका परिणाम होगा कि नवीन पीढ़ी में भी यह संस्कार आएगा। परिवार के सदस्य सामूहिक भोजन, सामूहिक भजन एवं वर्ष में एक-दो बार विशेष प्रसंगो पर वृहद् परिवार मिलन कर पारिवारिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने का संकल्प लें। विशाल भूभाग वाले अपने देश में अनेक भाषाओं एवं बोलियों का उपयोग होता है। सभी भाषाओं में एक अन्तर्निहित एकात्मता है। हम अपनी मातृभाषा के साथ-साथ एक और दूसरे प्रदेश की भाषा सीखने का प्रयास करें, जिसके कारण हम उस भाषा के साहित्य में छिपे तत्वज्ञान,महापुरुषों एवं परंपराओं को समझ सकेंगे, एवं राष्ट्र की एकात्मता वृद्धि में सहयोगी बन सकेंगे। देश के संविधान के प्रति आदर एवं श्रद्धा भाव, देश को सुचारू संचालित करने के लिए बनी व्यवस्थाओं का अनुपालन, देश की सम्पत्तियों का संरक्षण, नियमों का पालन,शुचिता पूर्ण कर्तव्य निष्ठ व्यवहार करने से देश में अनुशासन का भाव निर्माण होगा। नए-नए प्रयोगों के द्वारा रोज़गार प्रदान करते हुए भारत को आर्थिक समृद्ध कर, विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति में सहायक होना हमारा संकल्प बने। पंडित दीन दयाल उपाध्याय द्वारा स्थापित सिद्धांत "खर्च में संयम एवं उत्पादन में वृद्धि हम सभी के लिए मार्गदर्शक है।"आय से अधिक खर्च किसी भी समाज में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। शादी-विवाह एवं शुभ प्रसंगों के समय बर्बाद होता भोजन यह राष्ट्र की संपत्ति का ही नुकसान है। यह दृष्टि लेकर व्यक्तिगत जीवन में सादगी एवं संयम पूर्ण व्यवहार से समाज को सम्यक दिशा दें। अपने प्राचीन धर्म ग्रंथो में माँ (स्त्री) का बड़ा श्रेष्ठ स्थान (यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः ) था। कालांतर में समाज में अनेक कुप्रथाएं आईं। आज भी समाज में हृदय को विदीर्ण करने वाली अनेक घटनाएं होती रहती है।समाज में महिलाओं को समान स्थान,समान अवसर, निर्णयों में समान सहभागिता का वातावरण बनाने में हम सभी सहभागी बने। हमारी संस्कृति त्यागमयी एवं सभी के कल्याण का विचार करने वाली है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हमको इस सांस्कृतिक गौरव का ही स्मरण कराती है। हम स्वयं एवं आने वाली पीढ़ी में अपने महापुरुषों, अपनी परंपराओं के प्रति यह गौरव के भाव को जागृत करने का संकल्प लें ।चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के उत्सव को व्यक्तिगत के साथ-साथ समाज का उत्सव बनाते हुए, हम अपने व्यक्तिगत जीवन एवं समाज जीवन में यह संकल्प ले तब नव वर्ष की सार्थकता सिद्ध होगी।

(लेखक राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन), भाजपा हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हृदय का करें अनुसरण



संकलित
**दर्शन**

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि। एक अनपढ़ मनुष्य को कोई ज्ञान नहीं होता, पर वह थोड़ा बहुत भावना प्रधान होता है।

# गुरु नानक जी के आशीर्वाद का रहस्य



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार गुरु नानक देव जी अपने शिष्यों के साथ एक ऐसे गांव में पहुंचे जहां के लोग साधु-संन्यासी लोगों को बिल्कुल भी पसंद नहीं करते थे। गुरु नानक जी वहां गए तो उनसे भी वहां के लोगों ने ऐसा ही व्यवहार किया। जब वो परेशान होकर उस गांव से जाने लगे तो गांव के लोगों ने कहा कि, महात्माजी कुछ आशीर्वाद तो देते जाइए। गुरु नानक थोड़ी देर तक हंसते रहे फिर बोले, खूब आबाद रहो। इसके बाद वो आगे बढ़ गए। इस बीच कुछ गांव के लोग भागते हुए वहां पहुंचे। सभी उनकी सेवा करने लगे। उन्होंने फिर से गुरुनानक जी से आशीर्वाद मांगा। तब उन्होंने कहाः सभी उजड़ जाओ। गुरु नानक के ऐसे अटपटे आशीर्वाद से परेशान होकर एक व्यक्ति ने उनसे पूछाः महात्मा जी! जिन लोगों ने अतिथि धर्म का तिरस्कार किया उन्हें आपने आबाद रहने का और जो लोग आपकी सेवा में आए उन्हें उजड़ने का आशीर्वाद क्यों दिया। गुरु नानक जी ने उस व्यक्ति से कहा किः सज्जन व्यक्ति जहां जाता है वो वहां अपनी अच्छाइयों को ले जाता है। यह दुर्जन से बेहतर होता है। इसलिए मैंने पहले जब वो दुर्जन थे तो उन्हें एक जगह आबाद रहने का आशीर्वाद दिया और जब वो सज्जन बन गए और मेरे पास आशीर्वाद लेने आए तो मैनें उन्हें उजड़ने यानी समाज में अच्छाई फैलाने का आशीर्वाद दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना भविष्य के लिए संकट

मशहूर वैज्ञानिक और पर्यावरणविद सोनम वांगचुक ने यह अंदाजा लगाया है कि हमारे देश में नदियां सूख सकती हैं और जब 144 वर्ष बाद फिर महाकुंभ होगा तो वो नदियों के पानी में नहीं, बल्कि रेत पर हो सकता है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुला पत्र लिखा है और कहा है कि भारत को जलवायु परिवर्तन के प्रति बहुत ज्यादा गंभीरता दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और वनों को अंधाधुंध काटा जा रहा है। इससे नदियों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु भी कहीं सिकुड़ न जाएं? जिस तरह धरती पर तापमान बढ़ता जा रहा है, बर्फ के पहाड़ों को भी गर्मी धीरे-धीरे अपनी चपेट में ले रही है, ग्लेशियर पिघल कर धरती पर बहुत तबाही ला सकते हैं। पूरी दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग की समस्या का ठोस हल खोजना चाहिए।

*– नरेश चौहान, रायगढ़*

## ट्रेंड

### बाबा साहेब के प्रति कृतज्ञ



भारत की पीढ़ियाँ बाबा साहेब के प्रति कृतज्ञ रहेंगी, जिन्होंने हमें ऐसा संविधान दिया जो हमारी गरिमा और समानता तय करता है। हम उनके सपनों के भारत को साकार करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### 'वॉल आर्ट' का शुभारंभ



आज कालकाजी में 'वॉल आर्ट' प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया, जिससे क्षेत्र की सुंदरता और सांस्कृतिक पहचान को नया स्वरूप मिलेगा। साथ ही, 2 पार्कों के विकास, स्लम क्षेत्र में 3 वाटर एटीएम प्लांट और 150 सोलर लाइट लगाने की पहल हो रही है, जो बुनियादी सुविधाओं को सशक्त बनाएंगी।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### अपराधी बेख़ौफ़



उप्र के मुख्य विधानसभा क्षेत्र गोरखपुर में माँ-बेटी की हत्या ने साबित कर दिया है कि भाजपा के राज में अपराधी कैसे बेख़ौफ़ होकर एक के बाद एक और एक से बड़ी एक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### रचनात्मक अर्थव्यवस्था



भारत में सबसे ज़्यादा कंटेंट बनाया और इस्तेमाल किया जाता है। भारत सबसे बड़ी रचनात्मक अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है। हम 1 से मुंबई में देश की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को एक साथ ला रहे हैं।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# पाक के कुर्रम कबायलियों के बीच शांति समझौता



पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में युद्धरत कबायली समुदायों ने शनिवार को आठ महीने के लिए एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो ईद से ठीक पहले उनके बीच के विवाद को सुलझाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अफगानिस्तान की सीमा से सटा कुर्रम लंबे समय से शिया और सुन्नी समुदायों के बीच सांप्रदायिक हिंसा का केंद्र बना हुआ है। नवंबर से अब तक दोनों पक्षों के बीच हुई झड़पों में 130 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। समझौते पर हस्ताक्षर करने वाली जिरगा (कबायली परिषद) की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, क्षेत्रीय स्तर पर शांति की बहाली के लिए कबायली बुजुर्ग किला अब्बास सदर में बैठक के लिए एकत्र हुए। विज्ञप्ति के मुताबिक, बैठक में क्षेत्र में लोगों के बीच सद्भाव और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। विज्ञप्ति में कहा गया है, 'इस जिरगा में अलीजाई के शिया नेताओं और बाग के सुन्नी नेताओं ने एसोसिएशन काउंसिल के माध्यम से क्षेत्र में शांति बहाली और सहिष्णुता स्थापित करने के वास्ते एक शांति समझौते पर सहमति जताई।'

## ऑफ बीट

# नजर से छिपा रह जाता है दीर्घकालिक गुर्दा रोग



करोड़ लोगों को प्रभावित करने वाला दीर्घकालिक गुर्दा रोग, जिसे 'क्रॉनिक किडनी डिजीज' भी कहते हैं, अकसर नजरों से छिपा रहा जाता है। सिर्फ 50 फीसदी लोगों में ही इस बीमारी का निदान हो पाता है। दीर्घकालिक गुर्दा रोग के परिणाम गंभीर होते हैं। जब शरीर का ये जरूरी अंग आपके रक्त से अपशिष्ट को छानने का अपना काम नहीं कर पाता तो रोगियों को गहन चिकित्सा सहायता की आवश्यकता होती है क्योंकि गुर्दे में खराबी आपके जीवन की गुणवत्ता को गंभीर रूप से कम कर सकती है। गुर्दे हमारे शरीर के लिए कई काम करते हैं लेकिन उनका सबसे महत्वपूर्ण काम शरीर से अपशिष्ट को छानकर पेशाब के रास्ते बाहर करना है। जब आपके गुर्दे अच्छी तरह से काम कर रहे होते हैं, तो वे पेशाब के रास्ते शरीर में बनने वाले अपशिष्ट को बाहर करने का काम करते हैं। गुर्दे आपके रक्तचाप को स्थिर रखने, आपके 'इलेक्ट्रोलाइट्स' को संतुलित रखने और आपके शरीर में लाल रक्त कोशिका को बनाने की गति को तेज करने में भी मदद करते हैं। गुर्दे चौबीसों घंटे कड़ी मेहनत करते हैं लेकिन समय के साथ-साथ इन्हें पानी की गंभीर रूप से कमी या वर्षों तक उच्च रक्तचाप या उच्च रक्त

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# दिग्गज बैंकर ने बजाई खतरे की घंटी अपने ही चक्रव्यूह में फंस रहे बैंक

## उदय कोटक ने देश में बैंकों की स्थिति पर गंभीर चिंता जताई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**नई दिल्ली।** देश के बैंकिंग मॉडल खतरे में है। यह कहना है कि देश के दिग्गज बैंकर उदय कोटक का। उन्होंने एक्स पर किए एक पोस्ट में लिखा है कि बैंक सस्ते में लोन दे रहे हैं लेकिन खुद महंगी दरों पर पैसा जमा करा रहे हैं।

कोटक के अनुसार, बैंक जो डिपॉजिट अपने पास ले रहे हैं (करेंट और सेविंग्स अकाउंट से अलग) उस पर वह लगभग 9 फीसदी का ब्याज लोगों को दे रहे हैं लेकिन खुद जब किसी को लोन दे रहे हैं तो उनसे बस 8.5 फीसदी का ब्याज लिया जा रहा है। उन्होंने इसे बैंकिंग सिस्टम को खतरे में डालने वाला बताया है। बकौल कोटक, देश के बड़े बैंक 8 फीसदी पर होलसेल डिपॉजिट ले रहे हैं। इसका मतलब है कि डिपॉजिट की लोडेड मार्जिनल कॉस्ट 9 फीसदी से अधिक हो रही है। इसमें सीआरआर (0 परसेंट ब्याज), एसएलआर, डिपॉजिट इंश्योरेंस, प्रायोरिटी सेक्टर आदि फैक्टर्स शामिल हैं। जिन खुदरा डिपॉजिट्स (करेंट और सेविंग्स अकाउंट) में पैसा कम खर्च होता है वहां ग्रोथ ही नहीं हो रही है।

*बैंकों के बिजनेस मॉडल के लिए चुनौती : इसके बावजूद बैंक, 8.5 फीसदी फ्लोटिंग रेट पर लोन जारी कर रहे हैं। 9 फीसदी पर लो और 8.5 फीसदी पर दो इससे -0.5 फीसदी का नेगेटिव रिटर्न बन रहा है। रेपो रेट अभी और कम होने वाली हैअगर डिपॉजिट इतने ही टाइट बने रहते हैं तो यह बैंकों के बिजनेस मॉडल के लिए चुनौती होगी।*

### बैंकों की जमा लागत बढ़ रही है

बैंक एक साल की होलसेल डिपॉजिट को लगभग 8 प्रतिशत ब्याज दर पर ले रहे हैं। लेकिन बैंकों को सिर्फ जमा पर ब्याज ही नहीं देना होता, बल्कि सीआरआर (कैश रिजर्व रेशियो) में रखी राशि पर उन्हें कोई ब्याज नहीं मिलता। एसएलआर (स्टेटुटारिय लिक्विडिटि रेशियो) में भी एक हिस्सा बैंकों को कम रिटर्न वाले सरकारी बॉन्ड्स में लगाना पड़ता है। डिपॉजिट इंश्योरेंस और प्रायोरिटी सेक्टर लोन जैसी बाध्यताएं भी जुड़ी होती हैं। इन सबको मिलाकर देखा जाए तो होलसेल डिपॉजिट का वास्तविक लागत 9 प्रतिशत से ऊपर जा सकती है।



### 8.5 प्रतिशत फ्लोटिंग रेट पर होम लोन

बैंक 9 प्रतिशत लागत पर उधार ले रहे हैं, लेकिन 8.5 प्रतिशत पर होम लोन दे रहे हैं। यानी लेंडिंग और बोरोइंग के बीच -0.5 प्रतिशत का नेगेटिव स्प्रेड बन रहा है। यानी बैंक अपनी जमा पर जितना खर्च कर रहे हैं, उससे कम ब्याज पर लोन दे रहे हैं, जिससे सीधे नुकसान की स्थिति बन रही है। ऐसे में अगर आरबीआई रेपो रेट घटाता है, तो होम लोन की ब्याज दरें और कम हो सकती हैं, जिससे बैंकों का मार्जिन और घट सकता है।

### कम लागत वाले रिटेल डिपॉजिट की ग्रोथ धीमी

बैंक के लिए सस्ता फंड सीएएसए(करेंट अकॉउट, सेविंग एकाउंड) डिपॉजिट होता है, क्योंकि इस पर उन्हें कम ब्याज देना पड़ता है। लेकिन इस सेगमेंट में ग्रोथ बहुत कम हो रही है, जिससे बैंक अधिक महंगे होलसेल डिपॉजिट लेने को मजबूर हैं।

# देश में उपहार, निवेश के लिए बढ़ रहा है प्लैटिनम और हीरे का आकर्षण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में खासकर धनाढ्य लोगों और युवाओं में प्लैटिनम और हीरे के आभूषण उपहार में देने तथा निवेश करने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि, सोना सबसे लोकप्रिय उत्पाद बना हुआ है लेकिन प्लैटिनम और हीरे को उनकी विशिष्टता और 'खास' होने के एहसास के कारण निवेश और उपहार विकल्प के रूप में पसंद किया जा रहा है। आभूषण क्षेत्र के विशेषज्ञों ने यह बात कही है। उनका यह भी कहना है कि इन महंगी धातुओं में निवेश अनुभवी कारोबारियों के लिए ही उपयुक्त है। कामा ज्वेलरी की उपाध्यक्ष (बिक्री) सिमरन शाह ने कहा, ''भारत में, अमीर व्यक्तियों के बीच,



सोने के बजाय प्लैटिनम, हीरे और अन्य कीमती धातुओं में निवेश करने की प्राथमिकता कई सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक कारकों से प्रभावित होती है।

### प्लैटिनम, सोने की तुलना में दुर्लभ

इन धातुओं का दुर्लभ होना उन अमीरों के लिए एक प्रमुख आकर्षण का कारण है, जो अपने निवेश को अलग रूप देने के तरीकों की तलाश कर रहे हैं। प्लैटिनम सोने की तुलना में दुर्लभ है, जो इसे विशिष्टता का एहसास कराता है जबकि हीरे को उसकी सुंदरता और खास होने के प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है।''

### हीरो ने समय के साथ मूल्य में वृदिध दिखाई

प्रतिहारी ने कहा, हीरे प्यार और रिश्ते की स्थिति को बनाए रखने का सबसे अच्छा तरीका है। हीरे ने समय के साथ मूल्य में लगातार वृद्धि दिखाई है, जिससे यह एक व्यावहारिक निवेश विकल्प बन गया है। उनका मूल्य सीधे तौर पर इक्विटी शेयर या सोने जैसी पारंपरिक संपत्तियों से संबंधित नहीं है।






# दोनों हाथ से फायरिंग करने वाला मुख्तार का शार्प शूटर अनुज ढेर



एजेंसी ▶▶| गोरखपुर

गोरखपुर की स्पेशल टास्क फोर्स को बड़ी सफलता मिली है। मुख्तार अंसारी के कुख्यात शूटर अनुज कन्नौजिया को गोरखपुर एसटीएफ ने झारखंड पुलिस के सहयोग से जमशेदपुर में मुठभेड़ में मार गिराया। इस दौरान दोनों तरफ से कई राउंड गोलियां चलीं। अनुज पूर्वांचल के कई जिलों में खौफ का प्रतीक था। उसे मुख्तार का राइट हैंड भी कहा जाता था। अनुज दोनों हाथों में पिस्टल लेकर एक साथ फायर करने में माहिर था। अनुज का मुख्य काम हथियारों की खरीद-फरोख्त, शूटरों की भर्ती और ठेके पर हत्याएं करवाना था। मुठभेड़ में यूपी एसटीएफ के डीएसपी को भी गोली लगी, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अनुज कन्नौजिया जमशेदपुर में छिपकर किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहा था। जब पुलिस ने छापा मारा तो उसने फायरिंग कर दी।

**आरएसएस के 100 साल पूरे होने पर संघ के मुख्यालय पहुंचे मोदी**

# आरएसएस भारत की अमर संस्कृति का अक्षय वट, देश तेजी से बढ़ रहा आगे

एजेंसी ▶▶| नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल पूरे होने पर पीएम नरेंद्र मोदी नागपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय केशव कुंज पहुंचे। यहां उन्होंने संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने यहां माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर का शिलान्यास किया। मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय चेतना के लिए जो विचार 100 साल पहले बोया गया, वो आज महान वट वृक्ष के रूप में दुनिया के सामने हैं। ये आज भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को लागतार ऊर्जावान बना रहा है। देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्वयंसेवक के लिए सेवा ही जीवन है। हम देव से देश, राम से राष्ट्र का मंत्र लेकर चल रहे हैं। इसलिए स्वयंसेवक हर काम निस्वार्थ भाव से करता है। चाहे वह छोटा काम हो या बड़ा काम। यह फिर पहाड़ में काम करना हो या फिर वन में। नया भारत गुलामी की बेड़ियों को तोड़कर आगे बढ़ रहा।



**बाजपेयी के बाद मोदी दूसरे पीएम संघ हेडक्वार्टर जाने वाले**

पीएम मोदी 12 साल में पहली बार आरएसएस हेडक्वार्टर पहुंचे हैं। इससे पहले वह 2012, 2013 और 2014 में लगातर यहां आए थे। बतौर प्रधानमंत्री संघ हेडक्वार्टर का दौरा करने वाले मोदी दूसरे शख्स हैं। इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने साल 2000 में संघ हेडक्वार्टर का दौरा किया था।

### जीवन में दृष्टि ही दिशा देती

नेत्रालय प्रीमियम सेंटर के शिलान्यास समारोह में मोदी ने कहा कि माधव नेत्रालय है तो दृष्टि की बात स्वाभाविक है। जीवन में दृष्टि ही दिशा देती है। वेदों में भी यह कामना की गई है कि हम सौ वर्ष तक देखें। यह दृष्टि केवल बाह्य नहीं, बल्कि अंतर्दृष्टि भी होनी चाहिए।

### राम से राष्ट्र के जीवन मंत्र को लेकर चले हैं

पीएम नरेंद्र मोदी बोले-हम देव से देश और राम से राष्ट्र के जीवन मंत्र को लेकर चले हैं, हम अपना कर्तव्य निभाते हैं'। हमने महाकुंभ में देखा है कि कैसे स्वयंसेवकों ने लोगों की मदद की। 'जहां सेवा कार्य, वहां स्वयंसेवक। मोदी ने कहा कि जब प्रयासों में मैं नहीं, हम की भावना होती है।

### राष्ट्रीय गौरव के नए अध्याय लिखे जा रहे

मोदी ने आगे कहा कि आज भारत उन बेड़ियों को तोड़ रहा है, जिनमें वह उलझा था। भारत कैसे गुलामी की मानसिकता और पुरानी निशानियों को छोड़कर आगे बढ़ रहा है, यह हम सब देख रहे हैं। अब राष्ट्रीय गौरव के नए अध्याय लिखे जा रहे हैं।

### मानसिकता का परिवर्तन है

अंग्रेजों द्वारा भारतीयों को नीचा दिखाने के लिए बनाए गए कानून अब बदले जा चुके हैं। दंड संहिता की जगह अब भारतीय न्याय संहिता लागू हुई है। राजपथ अब कर्तव्य पथ बन चुका है। यह सिर्फ नाम का बदलाव नहीं, बल्कि मानसिकता का परिवर्तन है। मोदी ने कहा कि हमारा शरीर परोपकार के लिए ही है। सेवा के लिए ही है। जब ये सेवा संस्कारों में आ जाती है तो सेवा ही साधना बन जाती है। यही साधना तो हर एक स्वयं सेवक के जीवन की प्राणवायु होती है। यह सेवा संस्कार, यह साधना, यह प्राणवायु पीढ़ी दर पीढ़ी हर स्वयं सेवक को तप-तपस्या के लिए प्रेरित कर रही है, यह सेवा साधना हर स्वयं सेवक को निरंतर गतिमान रखती है।

# नेपाल के पूर्व राजा का पासपोर्ट होगा रद्द, देश से भागने की आशंका मामला दर्ज, लगा भारी जुर्माना

एजेंसी ▶▶| काठमांडू



नेपाल में शुक्रवार को सुरक्षाबलों और राजशाही समर्थकों के बीच हिंसा के बाद हुई दो मौतों ने देश में भूचाल ला दिया है। इस घटना के बाद पीएम केपी ओली की सरकार पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह पर सख्त हो गई है। सरकार ने ज्ञानेंद्र शाह और उनके समर्थकों पर सख्ती के लिए कई कदम उठाए गए हैं। ज्ञानेंद्र शाह का पासपोर्ट रद्द करने की कार्रवाई की जा रही है। उन पर भारी जुर्माना लगाया गया है। राजशाही की मांग के लिए राजधानी काठमांडू की सड़कों पर उतरे शाह समर्थकों पर केस दर्ज किया गया है।

- समर्थकों पर भी ओली सरकार का शिकंजा

अब तक 50 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी पुलिस ने की है। ये कार्रवाई ऐसे समय हुई है, जब नेपाल में पूर्व राजा के समर्थक बार-बार सड़कों पर उतर रहे हैं। नेपाल पुलिस ने बताया है कि राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवींद्र मिश्रा, महासचिव धवल सुमशेर राणा समेत कई राजशाही समर्थकों को विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा भड़काने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### देश छोड़कर ना भागें इसलिए कार्रवाई

काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार ने शुक्रवार को काठमांडू के टिंकुने में हिंसक विरोध प्रदर्शन भड़काने में कथित भूमिका के लिए ज्ञानेंद्र शाह का पासपोर्ट रद्द करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। ये कदम शाह को देश छोड़ने से रोकने के लिए है क्योंकि हिंसा में उनकी भूमिका की जांच चल रही है, जिसमें दो मौतें हुई हैं। शाह पर 100,000 रुपए का जुर्माना लगाने का फैसला किया है।

# पति को सिर्फ मंदिर-आश्रम जाना पसंद वैवाहिक जिंदगी में रुचि नहीं, मिला तलाक

## अदालत ने तलाक आदेश को रखा बरकरार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



केरल से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पति-पत्नी की लड़ाई अदालत तक जा पहुंची। पत्नी का आरोप था कि 'मेरे पति को सेक्स करने में इंट्रस्ट नहीं है, वो केवल मंदिर और आश्रम जाता है। महिला का आरोप है कि पति उसे भी अपनी तरह बनाने पर तुला हुआ है। दंपत्ती ने अदालत में तलाक की याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने तलाक वाले आदेश को बरकरार रखा। जिसके कारण दोनों के बीच तलाक लेने का रास्ता साफ हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अदालत ने कहा कि पत्नी जबरन अध्यात्मिक जीवन जीने पर मजबूर करना किसी मानसिक क्रूरता से कम नहीं है। उन्होंने कहा पति की पारिवारिक जिंदगी में रूचि न होना और अपने वैवाहिक कर्तव्यों को पूरा न कर पाना ये इस चीज को दर्शाता है।

### विश्वास न किया जा सके ऐसी वजह नहीं

अदालत ने आगे कहा कि महिला के दावे पर विश्वास न किया जा सके ऐसी कोई वजह नहीं है। उन्होंने कहा कि ये मानसिक क्रूरता जो हिंदू मैरेज एक्ट 1955 के तहत तलाक का आधार है। यह धारा तब लागू होती है जब आपका पार्टनर वैवाहिक कर्तव्यों की उपेक्षा करता है. वहीं इस दंपति की शादी साल 2016 में हुई थी। हालांकि दोनों की शादी ज्यादा नहीं चली और तनाव पैदा हुआ।

# मालदा में फिर हिंसा, दुकानें तोड़ीं सामान लूटा, इलाके में इंटरनेट बंद



एजेंसी ▶▶| मालदा

मालदा जिले के मोथाबाड़ी क्षेत्र में 26 मार्च को हुई हिंसक घटनाओं के बाद प्रशासन ने सख्त कदम उठाए मगर इसके बीच आज फिर दो गुटों में हिंसा हो गई। इस दौरान दोनों ओर से जमकर पथराव हुआ। हिंसा के दौरान पेट्रोल बम फेंके जाने की भी जानकारी है। उपद्रवकारियों ने दुकानों, घरों और वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। इस दौरान कुछ स्थानों पर लूटपाट की घटनाएं भी सामने आईं। पुलिस द्वारा अब तक 34 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, और इलाके में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इंटरनेट सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी गई हैं।

शांति बहाल करने के लिए आर्म्ड फोर्स और रैपिड एक्शन फोर्स की तीन कंपनियां तैनात की गई हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक से 3 अप्रैल तक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने प्रशासन को हिंसा प्रभावित नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

### पुलिस की कार्रवाई और अपील

मालदा पुलिस ने आम जनता से शांति बनाए रखने की अपील की है और अफवाहों से बचने का अनुरोध किया है। पुलिस के अनुसार, कुछ असामाजिक तत्व जानबूझकर माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की सलाह दी गई है।

# कठुआ में 5 आतंकी मौजूद, सुरक्षाबलों ने 10 किलोमीटर के दायरे को घेरा

## मदद करने वाले 10 संदिग्धों से पूछताछ



एजेंसी ▶▶| जम्मू

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में आतंकियों से तीन दिन से चल रही मुठभेड़ चुनौतीपूर्ण बन गई है। अब तक माना जा रहा था कि तीन आतंकी बचे हैं, लेकिन शनिवार को जब सुरक्षा बलों ने घेराबंदी और बढ़ाई तो पता चला कि अभी भी 5 आतंकी हैं, जो राजबाग इलाके के सफियान जाखोले गांव में इधर-उधर छिप रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, सुरक्षाबलों को करीब 5 आतंकवादियों के छिपे होने की खबर मिली थी। ये आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के प्रॉक्सी संगठन पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट से जुड़े हैं। सुरक्षा बलों ने 10 संदिग्ध मददगारों को हिरासत में लिया है। इन्हीं ने बताया है कि पांचों आतंकी वही हैं, जिन्हें 23 मार्च को हीरानगर सेक्टर में इंटरनेशनल बॉर्डर के पास सानियाल गांव में पुलिस ने रोका था।

**एनकाउंटर में 4 जवान शहीद, 3 घायल-** बता दें कि 28 मार्च को ऑपरेशन ग्रुप के जवान तारिक अहमद, जसवंत सिंह, जगबीर सिंह और बलविंदर सिंह की गोली लगने से मौत हो गई थी। वहीं, घायल डीएसपी धीरज सिंह समेत तीन जवानों का इलाज जारी है। डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी मुठभेड़ में घायल पुलिसकर्मियों का हालचाल जानने के लिए जम्मू मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे।

### जिस जगह में आतंकी वहां कई गुफाएं

पुलिस के मुताबिक सुरक्षाबलों ने आतंकियों को 10 किमी के दायरे में घेर रखा है। वे जाखोले की ऊंची पहाड़ियों पर हैं, जहां घने जंगल और गुफाएं भी हैं। पांचों आतंकी विदेशी हैं, लेकिन कुछ स्थानीय लोगों की मदद के चलते वो तीन दिन से टिके हुए हैं। मुठभेड़ में अब तक 2 आतंकी मारे जा चुके हैं।

# भारतीय कंपनियों ने क्यूआईपी से रिकॉर्ड 1.33 लाख करोड़ जुटाए





- प्राइम डेटाबेस ने आंकड़ों के आधार पर जारी की रिपोर्ट
- 31 मार्च तक 85 कंपनियों ने क्यूआईपी से पूंजी बाजार में प्रवेश किया

**नई दिल्ली।** भारतीय कंपनियों ने वित्त वर्ष 2024-25 में शेयर बाजारों में तेजी के दौरान पात्र संस्थागत आवंटन (क्यूआईपी) के जरिये रिकॉर्ड 1.33 लाख करोड़ रुपये जुटाए। प्राइम डेटाबेस ने संकलित आंकड़ों के आधार पर कहा कि भारतीय कंपनियों ने क्यूआईपी के जरिये इस वित्त वर्ष में 1,33,251 करोड़ रुपये जुटाए हैं, जो वित्त वर्ष 2023-24 में जुटाए गए 71,306 करोड़ रुपये से 87 प्रतिशत अधिक है। आंकड़ों के मुताबिक, 31 मार्च, 2025 तक 85 कंपनियों ने क्यूआईपी जारी कर पूंजी बाजार में प्रवेश किया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष के दौरान केवल 64 कंपनियों ने ही ऐसा किया था। विश्लेषकों ने कहा कि कंपनियों ने बहीखाते को मजबूत करने और फंड विस्तार के लिए तेजी से बढ़ते इक्विटी बाजारों का फायदा उठाया। "वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय पूंजी बाजार के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक क्यूआईपी फंड जुटाया गया, जो मात्रा और मूल्य दोनों ही लिहाज से सबसे अधिक है।

## राशिफल

**मेष** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता

# देश में तांबे की मांग सात फीसदी बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नवीकरणीय ऊर्जा और बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए बढ़ती मांग के बीच देश में आगामी वर्षों में तांबे की मांग सात प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। उद्योग के अधिकारियों ने यह बात कही है। उद्योग मंडल पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष हेमंत जैन ने कहा कि औद्योगिक गलियारों का निर्माण, सभी भारतीयों के लिए घर, राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजनाएं और ऊर्जा बदलाव जैसी परियोजनाओं की वजह से तांबे की मांग बढ़ रही है। इसमें उल्लेखनीय इजाफा हो रहा है।

- औद्योगिक गलियारों और सभी विकास परियोजनाओं में मांग बढ़ी

### 2030 तक तांबे की मांग होगी दोगुना

उद्योग विशेषज्ञों का अनुमान है कि 2030 तक देश में तांबे की मांग दोगुनी हो सकती है। इससे मांग-आपूर्ति का अंतर बहुत बढ़ जाएगा और भारत को इसके लिए दूसरे देशों पर निर्भर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जीवाश्म ईंधन की जगह नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहन, सौर पैनल, पवन टर्बाइन, ईवी बैटरी आदि के निर्माण के लिए भारी मात्रा में तांबे की जरूरत होगी।



*निजी निवेश आने की उम्मीद : जैन ने कहा, आने वाले वर्षों में भारत में तांबे की मांग में सात प्रतिशत वृद्धि होने की उम्मीद है। तांबा क्षेत्र में निजी निवेश आने की भी उम्मीद है। सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना और आत्मनिर्भर भारत से तांबा उद्योग को समर्थन मिल रहा है।*

**तांबे में कारोबार बना लाभदायक :** ऐसे में कंपनियां इस खनिज में निवेश न सिर्फ मांग-आपूर्ति के अंतर को कम करने के लिए कर रही हैं, बल्कि वे अपनी नीतियों का सरकार की नीति के साथ तालमेल भी बैठा रही हैं। शर्मा ने कहा कि हाल के दिनों में इसकी बढ़ती लागत को देखते हुए तांबे के उत्पादन और स्मेल्टिंग में निवेश एक लाभदायक कारोबार बन गया है।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 297/ निर्माण / 2024 दिनांक 26.03.2025

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु व्यवसाय के संबंधित अनुभवी निविदाकार/फर्म से शेड्यूल अनुसार आईटम एवं प्रतिशत दरों पर ई-प्रोक्युरमेंट (E-Tendering) के माध्यम से निविदा प्रपत्र Form - A में निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 02 इंदिरा स्टेडियम के पास स्थित ऑडिटोरियम का जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य (जिला खनिज मद) (द्वितीय निविदा) | 30.72 | 15.04.2025 (T.No. 166306) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in एवं www.korba.urbanecg.gov.in पर भी देखी जा सकती है। ।। **स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें** ।।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**

## शब्द पहेली - 5821



**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला 3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना 3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई 2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग, 3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

**शब्द पहेली- 5820 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5831

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकु नवताल 5830 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |



# कभी देखी है ऐसी शादी...जब धरती बनती है दुल्हन और सूर्य उसका वर

एजेंसी ▶▶| रांची

झारखंड के गुमला जिले में जब चैत्र शुक्ल तृतीया की सुबह आती है, तो सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि पूरी प्रकृति का उत्सव जन्म लेता है—सरहुल महापर्व। यह केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि सूर्य और धरती के विवाह का आध्यात्मिक उत्सव है, जिसे आदिवासी समुदाय 'खे-खेल्र बेंज्जा' यानी धरती का विवाह कहता है। सदियों पुरानी यह परंपरा आज भी उतनी ही सजीव और भावपूर्ण है, जितनी कभी रही होगी।



### गुमला का सरहुल पर्व

1 अप्रैल को गुमला में इस राज्य स्तरीय पर्व की तैयारी ज़ोरों पर है। गांव-गांव में सरना झंडे लहरा रहे हैं, पारंपरिक परिधान और आदिवासी वाद्ययंत्रों के साथ हजारों की संख्या में लोग नगर भ्रमण के लिए तैयार हैं। यह परंपरा 1961 से चली आ रही है, जब जुलूस में चंद सौ लोग होते थे. आज यह हजारों की सांस्कृतिक भागीदारी बन चुकी है।

उरांव/कुड़ुख साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. तेतरू उरांव कहते हैं कि यह पर्व प्रकृति की संवेदनशीलता और मनुष्य के रिश्ते की मिसाल है। पेड़-पौधे, जीव-जंतु—हर एक को आदिवासी समुदाय जीवन का सहयोगी मानता है। सरहुल से पहले कोई फल नहीं खाया जाता, न कोई बीज बोया जाता है। पहले धरती मां और सूर्य पिता का विवाह होता है, फिर नई शुरुआत होती है।

इस पर्व में साल वृक्ष के फूल को 'चाला टोंक्का'यानी सरना स्थल में चढ़ाया जाता है। पुरुष इन्हें अपने कान में और महिलाएं बालों में सजाती हैं। सरहुल का अर्थ है 'साल + शुरू', यानी नए साल की शुरुआत, जो जीवन, उत्पादन और पुनर्जन्म का प्रतीक बनता है।

### सरहुल का एक और रहस्य है

दो घड़ों में भरा पानी, जिसे एक दिन पहले लाया जाता है। इसका स्तर या फटना, वर्षा और समृद्धि के संकेत माने जाते हैं। यही घड़े भविष्य की संभावनाओं को बताने वाले प्राकृतिक बैरोमीटर बन जाते हैं। इस दिन कोई खेत नहीं जोता जाता, कोई निर्माण नहीं होता—बस



धरती मां का श्रृंगार होता है। आदिवासी दर्शन के अनुसार, धरती को भी सम्मान और विश्राम चाहिए। सरहुल, यानी जन्म का पर्व, जीवन का सम्मान और प्रकृति से नाता जोड़ने का अवसर. गुमला का यह आयोजन हमें याद दिलाता है कि आधुनिकता की दौड़ में भी परंपरा की जड़ें सबसे गहरी होती हैं।

## रोचक खबरें

## दुनिया का सबसे महंगा कीड़ा! इसके सामने ऑडी और बीएमडब्ल्यू भी फेल!



**बीजिंग**। दुनिया में कई अनोखी चीजें महंगी बिकती हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक कीड़ा हीरे से भी ज्यादा कीमती हो सकता है? इसकी कीमत इतनी ज्यादा है कि ऑडी और बीएमडब्ल्यू भी इसके आगे सस्ती लगेंगी! जी हां, ऐसा सच में है! दुनिया का सबसे महंगा कीड़ा है स्टैग बीटल। इसकी कीमत सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे - करीब 75 लाख रुपये तक जा सकती है। चलिए, इसके बारे में थोड़ा और जानते हैं। स्टैग बीटल एक खास तरह का भृंग है। इसका नाम इसके बड़े-बड़े जबड़ों से पड़ा है, जो हिरण के सींगों की तरह दिखते हैं। ये कीड़ा दिखने में थोड़ा डरावना लेकिन अनोखा होता है। ये कोई साधारण कीड़ा नहीं है, बल्कि इसकी खासियत इसे बेशकीमती बनाती है। स्टैग बीटल पुराने पेड़ों की सड़ी हुई लकड़ी में रहता है। ये जंगल में खास माहौल में ही पनपता है। यूरोप, एशिया और कुछ दूसरी जगहों पर ये मिलता है, लेकिन हर जगह नहीं।

### दवा में भी काम आता है

सिर्फ शुभ नहीं, स्टैग बीटल का इस्तेमाल पारंपरिक दवाइयों में भी होता है। कुछ जगहों पर माना जाता है कि इसके शरीर से बनी चीजें सेहत के लिए फायदेमंद हैं। ये भी इसकी कीमत बढ़ाने का एक बड़ा कारण है। स्टैग बीटल हर जगह नहीं मिलता। इसे पनपने के लिए खास मौसम और सड़ी लकड़ी चाहिए। जंगलों के कटने से इनका घर भी खत्म हो रहा है, जिससे ये और भी दुर्लभ हो गया है। कम सप्लाई और ज्यादा डिमांड से कीमत आसमान छूती है।

### कीड़े का बाजार

दुनिया में कीड़ों का भी एक बाजार है, जहां लोग इन्हें खरीदते-बेचते हैं। स्टैग बीटल इस बाजार का सुपरस्टार है। कुछ खास प्रजातियों की कीमत तो लाखों में होती है, और कलेक्टर इसके लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। बीएमडब्ल्यू कार खरीद सकते हैं लेकिन स्टैग बीटल की कीमत सुनकर लगता है कि ये छोटा सा कीड़ा लग्जरी कारों को भी टक्कर दे सकता है, है ना हैरानी की बात?

## अगर आपकी नहीं हो रही है शादी तो इस मंदिर में करें दर्शन, मिल जाएगा सच्चा साथी

**रायबरेली**। इस मंदिर की कहानी दिलचस्प है। लोगों में मान्यता है कि अगर बेटे या बेटी का रिश्ता नहीं तय हो रहा है तो इस मंदिर में दर्शन करने मात्र से काम बन जाएगा। रायबरेली के शहर स्थित मनसा देवी मंदिर के मुख्य पुजारी मन्नालाल शुक्ला बताते हैं कि हमारे पूर्वज बताया करते थे कि यहां लगभग 150 वर्ष पूर्व विशाल जंगल हुआ करता था, जिसमें मंसाराम बाबा रहा करते थे. उन्हें स्वप्न में एक मूर्ति ने दर्शन दिया और उनसे कहा कि मुझे निकाल कर यहां स्थापित करें। स्वप्न की बात उन्होंने सुबह जब लोगों से बताई तो लोगों ने उनकी बात मानते हुए यहां मूर्ति स्थापित करा दी। तब से लेकर आज तक ये मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। मंदिर में दर्शन करने आई रायबरेली के प्रगतिपुरम निवासी महिला श्रद्धालु रंजना सिंह कहती हैं कि मैं बीते 15 वर्षों से इस मंदिर में दर्शन करने के लिए आती रही हूं। ये मंदिर लोगों की आस्था का अटूट केंद्र है। यहां की एक खास मान्यता है कि जिस किसी भी युवक या युवती की शादी नहीं हो रही है वो इस मंदिर में दर्शन करें। माता जी की कृपा से उसे सच्चा जीवन साथी मिल जाएगा।



## सांपों की पहली पसंद है चंदन के पेड़ पर अपना बसेरा बनाना

नई दिल्ली। सांप का नाम सुनते ही लोग डर जाते हैं। इसके काटने से लोगों के शरीर में जहर फैल जाता है और वह मर जाते हैं। कई सांप बहुत ज्यादा जहरीले होते हैं, तो कुछ सांपों का जहर बहुत धीरे-धीरे शरीर में फैलता है। यह ज्यादातर पेड़ों पर ही अपना बसेरा जमाते हैं। इनमें से चंदन का पेड़ इनका पसंदीदा बसेरा होता है, क्योंकि इसकी लड़कियां ठंडी और खुशबूदार होती हैं।

चंदन की लड़कियों का इस्तेमाल पूजा पाठ में भी किया जाता है। इसके अलावा, इसकी लड़कियों से इत्र, अगरबत्ती, साबुन, पलंग, ड्रेसिंग-टेबल, कुर्सी आदि बनाए जाते हैं। यह काफी मजबूत होते हैं, लेकिन इन पेड़ों पर सांप भी पाए जाते हैं।



**पेड़ों की करते हैं रक्षा :** ऐसा कहा जाता है कि सांप चंदन के पेड़ों की रक्षा करते हैं। चंदन के पेड़ ठंडे होते हैं और सांप ठंडी सहित नामी जगह पर रहना पसंद करते हैं। इसलिए यह खासकर गर्मी के मौसम में इसी पेड़ पर अपना बसेरा रखते हैं। चंदन के पेड़ के आसपास चूहे, छिपकली सहित अन्य छोटे कीड़े मकोड़े भी रहते हैं, जो सांप के लिए भोजन भी बन जाते हैं।

### हर कोई नहीं पहचान पाता इस पेड़ को

चंदन को जब तक रगड़ा ना जाए, उसमें से खुशबू नहीं आती। इसलिए हर कोई इसकी पहचान नहीं कर पाता। वहीं, लोग इस पेड़ के आसपास जाने से काफी ज्यादा डरते हैं। इसलिए भी सांपों को रहने के लिए यहां शांत जगह मिल जाती है। यह वातावरण को संतुलित रखने में मदद करता है। इससे पेड़ को नुकसान भी नहीं पहुंचता। इसलिए अक्सर चंदन के पेड़ सांप को के लिए परफेक्ट होते हैं।

## इतिहास

# गांव या शहर के नाम के पीछे आखिर क्यों लिखा होता है 'पुर'

रायपुर, रामपुर, जगदलपुर, जबलपुर, शाजापुर, नागपुर, कानपुर सहित अन्य

**नई दिल्ली**। भारत में हर एक राज्य का अपना अनूठा इतिहास, संस्कृति और परंपरा है। यहां हर एक शहर या गांव का अलग नाम होता है। कभी आपने नोटिस किया हो तो देखा होगा कि बहुत से शहरों के नाम के पीछे 'पुर' शब्द जुड़ा होता है, जैसे- रायपुर, रामपुर, जगदलपुर, जबलपुर, शाजापुर, नागपुर, कानपुर सहित अन्य। क्या आपने कभी सोचा है कि इन शहरों के नाम में पुर क्यों जोड़ा जाता है? चलिए जानते हैं इस खबर के माध्यम से ऐसा क्यों किया जाता है.




### यहां जानें 'पुर' शब्द की प्राचीनता...

बता दें कि 'पुर' शब्द बहुत पुराना है और इसका उल्लेख ऋग्वेद जैसे प्राचीन ग्रंथों में भी किया गया है। पुर का इस्तेमाल पुराने समय में विशेष रूप से उन स्थानों के लिए किया जाता था, जो राजाओं के द्वारा बसाए गए थे और जिनके आसपास किले होते थे।

### राजा लगाते थे अपने राज्य/शहरों के नाम में पुर

पुराने समय में जब भी कोई राजा अपने राज्य या शहर का नाम रखता था, तो वह हमेशा 'पुर' शब्द का इस्तेमाल करता था। यही कारण है कि जयपुर के पीछे भी 'पुर' जोड़ा गया था, जो कि राजस्थान के राजा जयसिंह द्वारा बसाया गया था।

### जानें क्या होता है पुर शब्द का मतलब?

लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इन शहरों के नाम में 'पुर' क्यों जोड़ा जाता है? अगर नहीं जानते हैं, तो चलिए हम आपको इस बारे में बताते हैं. 'पुर' शब्द असल में एक प्राचीन संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ होता है शहर या किला। आपने देखा होगा कि जिन शहरों के नाम के पीछे 'पुर' लगा होता है, वहां अक्सर किले या पुराने शहर होते हैं।

### पुर शब्द का ऐतिहासिक महत्व जानें

'पुर' शब्द का ऐतिहासिक दृष्टिकोण से एक गहरा महत्व है। यह शब्द न केवल एक शहर को बताने के लिए, बल्कि उस शहर की सुरक्षा, शक्ति और संरक्षण को भी दर्शाता है। पुर का मतलब शहर या किला होता है और प्राचीन काल में यह शब्द सिर्फ किसी स्थान को नहीं, बल्कि उस जगह की मजबूती और शाही इतिहास को भी व्यक्त करता था।

### अन्य देशों में भी इस्तेमाल होता पुर शब्द

भारत में तो यह परंपरा बहुत प्रचलित है, लेकिन दुनिया के कुछ अन्य देशों में भी 'पुर' का इस्तेमाल किया जाता है। खासकर, अफगानिस्तान और ईरान जैसे देशों में भी शहरों के नाम के पीछे 'पुर' जोड़ा जाता है। कुछ लोग मानते हैं कि 'पुर' अरबी भाषा का शब्द है, हालांकि इसकी जड़ें संस्कृत में हैं।

### भारत में पुर शब्द का व्यापक इस्तेमाल

भारत में 'पुर' का इस्तेमाल कई शहरों के नाम में देखा जाता है। उदाहरण के तौर पर, कानपुर, शाहपुर, रामपुर, सहारनपुर, नागपुर, आदि, सभी जगहों के नाम में 'पुर' है, जो इस बात को दर्शाता है कि ये स्थान पहले राजाओं के अधीन थे और वहां किलों या शहरों का अस्तित्व था।



## क्या भूकंप की वजह से एक तरफ झुक गई थी पीसा की मीनार?

**मुंबई**। पीसा की झुकी हुई मीनार सिर्फ अपनी ऊंचाई के लिए नहीं, बल्कि अपने अनोखे झुकाव के लिए भी दुनियाभर में मशहूर है, जहां हर साल लाखों पर्यटक इसे देखने आते हैं। पीसा की मीनार आज भी दुनिया की सबसे रहस्यमयी और आकर्षक वास्तुशिल्प कृतियों में से एक है, जिसे देखना हर पर्यटक के लिए एक यादगार अनुभव होता है। पीसा की झुकी हुई मीनार सिर्फ अपनी ऊंचाई के लिए नहीं, बल्कि अपने अनोखे झुकाव के लिए भी दुनियाभर में मशहूर है, जहां हर साल लाखों पर्यटक इसे देखने आते हैं। यह मीनार ऊपर से 56 मीटर और नीचे से 57 मीटर ऊंची है, जिसका कुल वजन लगभग 14,500 मीट्रिक टन है और इसमें कुल आठ मंजिलें हैं, जिनमें सात घंटियों के लिए खास कक्ष बनाए गए हैं.

- दुनिया के करोड़ों लोगों को नहीं पता असली इतिहास

**मीनार के झुकने की वजह, कब शुरू हुआ निर्माण :** मीनार के झुकने की असली वजह इसकी नींव के नीचे की मिट्टी है, जो बहुत नरम और अस्थिर थी, जिससे यह अपने वजन को सहन नहीं कर सकी और निर्माण के दौरान ही झुकने लगी। 1173 में जब इसका निर्माण शुरू हुआ, तो तीसरी मंजिल तक पहुंचते ही झुकाव साफ दिखने लगा, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रहा और इसे पूरा किया गया.

## महिला ने 1,000 में खरीदी पेंटिंग, 8 करोड़ रुपए से ज्यादा निकली वास्तविक कीमत

**न्यूयार्क**। कला को संग्रहित करने में दिलचस्पी रखने वाले लोग अक्सर नई-नई पेंटिंग की तलाश में रहते हैं। कई बार यह खोज उन्हें ऐसी कलाकृतियों का मालिक बना देती है, जिनकी कीमत सुनकर होश उड़ जाएं। ऐसा ही कुछ पेंसिल्वेनिया की रहने वाली एक महिला के साथ हुआ। दरअसल, उन्होंने पुराने सामान की एक दुकान से 1,026 रुपये में एक पेंटिंग खरीदी थी। हालांकि, बाद में सामने आया की उसकी असल कीमत 8 करोड़ रुपये से भी अधिक हो सकती है।

**पेंटिंग को देखते ही कर लिया था खरीदने का फैसला :** महिला का नाम हेइडी मार्को है, जो कि ईस्टन में स्थित साल्वेज गुड्स एंटीक नाम की दुकान की मालकिन हैं। जनवरी ही में वह मोंटगोमरी काउंटी की एक दुकान पर हो रही नीलामी में शामिल हुई थीं।



### मार्को ने समझी थी उस पेंटिंग की खासियत

मार्को ने बताया कि उस नीलामी में ज्यादातर पेंटिंग 85,000 से एक लाख की कीमत पर बिक रही थीं। हालांकि, नग्न महिला वाली उस पेंटिंग को कोई खरीदना नहीं चाह रहा था। हालांकि, मार्को ने उस कलाकृति की खासियत को समझा और कहा, मुझे वह पेंटिंग बेहद नायाब लग रही थी। उन्हें पहले से ही शक हो रहा था कि वह पेंटिंग असल में बेहद कीमती हो सकती है।

## इसरो ने मचाया धमाल, 'महाबली' को मिली पावर की सुपरडोज

**नई दिल्ली**। भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो ने एक और कमाल दिखाया है। बता दें कि इसरो ने लॉक्स केरोसीन 200टी थ्रस्ट सेमीक्रायोजेनिक इंजन का सफलतापूर्वक पहला बड़ा परीक्षण किया है। यह परीक्षण तमिलनाडु के महेंद्रगिरी स्थित इसरो प्रोपेल्शन कॉम्पलेक्स में किया गया। इसके सफल होने से भारत को भविष्य में होने वाले स्पेस मिशनों के लिए अधिक शक्तिशाली और कुशल इंजन बनाने में काफी मदद मिलेगी।



**सफलतापूर्वक हुआ परीक्षण :** इसरो ने 2,000 केएन के उच्च थ्रस्ट वाले सेमी क्रायोजेनिक इंजन को विकसित करने में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल करने की घोषणा की है। यह इंजन प्रक्षेपण यान मार्क-3 (एलवीएम-3) के सेमीक्रायोजेनिक बूस्टर चरण में मदद करेगा। इसरो ने कहा कि सेमीक्रायोजेनिक इंजन विकसित करने के कार्यक्रम में पहली बड़ी सफलता 28 मार्च को मिली जब तमिलनाडु में महेंद्रगिरि के इसरो प्रोपल्शन कॉम्पलैक्स में इंजन पावर हेड टेस्ट आर्टिकल का पहला हॉट परीक्षण सफल रहा।

### भविष्य के मिशनों में मिलेगी मदद

इसरो ने कहा कि इसरो का लिक्विड प्रॉपल्शन सिस्टम्स सेंटर सेमी क्रायोजेनिक प्रॉपल्शन इंजन और स्टेज का विकास कर रहा है। स्पेस एजेंसी ने बताया कि 2,000 केएन सेमी-क्रायोजेनिक इंजन (सीई 2000) द्वारा संचालित स्टेज (एससी 120) पेलोड वृद्धि के लिए एलवीएम-3 के वर्तमान कोर लिक्विड स्टेज (L110) की जगह लेगा और भविष्य के प्रक्षेपण यानों के बूस्टर चरणों को शक्ति प्रदान करेगा. सेमी क्रायोजेनिक प्रॉपल्शन में गैर विषैले और गैर खतरनाक प्रॉपेलेंट्स ( लिक्विड ऑक्सीजन और मिट्टी का तेल) का इस्तेमाल किया जाता है और यह मौजूदा L110 स्टेज की तुलना में ज्यादा अच्छे से प्रदर्श करता है।

## क्या आपने कभी ये सोचा है कि जिस दुनिया में हम रहते हैं वो आखिर खत्म कहां होती है

# ये है धरती का आखिरी देश, यहां 6 महीने दिन और 6 महीने होती है रात

**न्यूयार्क**। पृथ्वी, ब्रह्मांड, ग्रह, आकाश गंगा ये इंसान के लिए हमेशा से ही कौतूहल का विषय रहे हैं। इन्हें जानने और समझने के लिए सदियों से कोशिश की जा रही है। जब भी पृथ्वी या फिर यूनिवर्स के किसी हिस्से से जुड़ी कोई जानकारी सामने आती है तो हम हैरान जरूर हो जाते हैं। हम सभी पृथ्वी के बारे में कुछ तथ्य जानते हैं। जैसे दुनिया गोल है, यहां कितना पानी है और भी बहुत कुछ लेकिन क्या आपने कभी ये सोचा है कि जिस दुनिया में हम रहते हैं वो आखिर खत्म कहां होती है। आप ऐसे कई देशों को जानते होंगे जो अपनी किसी ना किसी खासियत की वजह से पहचाने जाते हैं लेकिन क्या आप दुनिया के आखिरी देश के बारे में जानते हैं। अगर नहीं, तो चलिए आज हम आपको इस बारे में बता देते हैं।

**नॉर्वे है दुनिया का आखिरी देश :** माना जाता है कि नॉर्वे दुनिया का आखिरी देश है और यहां पृथ्वी खत्म हो जाती है। उत्तरी पोल के पास मौजूद इस जगह को नॉर्थ पोल के नाम से पहचाना जाता है। जानकारी के मुताबिक यही वह जगह है जहां पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती है।

### यहां नहीं होती रात

आपको जानकर हैरानी होगी लेकिन दुनिया के इस आखिरी देश में रात नहीं होती। जब यहां रात होती है तो वह बहुत छोटी होती है। यहां पर केवल 40 मिनट के लिए सूरज डूबता है जिसकी वजह से इस कंट्री ऑफ मिडनाइट सन के नाम से पहचाना जाता है। यह एक ऐसी जगह है जो बहुत ही ठंडी है और गर्मियों के दिन में भी यहां पर बर्फ जमती है।





### दुनिया में गर्मी तो यहां तापमान माइनस 45 डिग्री

दुनिया भर में गर्मी में जहां लोगों का हाल बेहाल होता है उस समय यहां मोटी बर्फ जम जाती है। यह इतना ठंडा इलाका है कि सर्दियों के मौसम में यहां का तापमान -45 डिग्री से भी नीचे पहुंच जाता है। जब आप यहां जाएंगे तो आपको ऐसा लगेगा कि आप किसी दूसरी दुनिया में आ गए हैं।

### 6 महीने दिन और 6 महीने रात

दुनिया के अलग-अलग देश में जहां दिन और रात होती है तो यह ऐसी जगह है कि जहां पर 6 महीने दिन और 6 महीने रात रहती है। सर्दी यहां इतनी कड़ाके की पड़ती है कि सूरज देखना भी मुश्किल हो जाता है। वहीं गर्मियों के दिन में यहां सूरज डूबता ही नहीं है। अगर आप यहां गर्मियों में जाएंगे तो आपको रात देखने का मौका ही नहीं मिलेगा। इस देश की इन अनोखी चीजों को देखने के लिए दुनिया भर से लोग यहां पहुंचते हैं।

### यहां दिखता है दुनिया का आखिरी कोना

नॉर्वे में एक ऐसा हाइवे मौजूद है जो दुनिया की आखिरी सड़क के नाम से पहचाना जाता है। ई 69 नाम का यह हाईवे 14 किलोमीटर लंबा है जो एक जगह जाकर खत्म हो जाता है। इस जगह के बाद आपको केवल ग्लेशियर दिखाई देंगे। कहा जाता है कि यही दुनिया का अंत हो जाता है।

### खतरनाक हाईवे, अकेले जाना मना

इस हाइवे को काफी खतरनाक माना गया है इसलिए यहां अकेले जाने की परमिशन नहीं दी जाती। अगर आप इसे देखना चाहते हैं तो आपके पास लोगों का ग्रुप होना चाहिए जिसके लिए गवर्नमेंट से परमिशन भी लेनी पड़ती है। यहां चारों तरफ बर्फी बर्फ है ऐसे में कोई भी खो सकता है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### प्रधानमंत्री मोदी बोले-...

पूरी पारदर्शित बरती जाए इसकी व्यवस्था कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिल्हा के मोहभट्ठा मैदान में बड़ी जनसभा को संबाधित किया। इस दौरान उन्होंने 33 हजार 700 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इनमें पॉवर, गैस पाइपलाइन, रेल व नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। पीएम मोदी करीब डेढ़ घंटे बिलासपुर में रहे। करीब 3.20 मिनट पर वे सभा में पहुंचे और करीब पौने पांच बजे रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने भारत माता की जय, मां महामाया की जय और जय जोहार से सभा की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय बिजली व्यवस्था खस्ताहाल थी। लोगों को बिजली नहीं मिलती थी। हमारी सरकार बिजली प्लांट लगा रही है। आपके घरों में जीरो बैलेंस के लिए पीएम सोलर योजना शुरू की गई है। इसके जरिए आप बिजली बनाने के साथ बेच भी सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमारी सरकार यहां गैस पाइप लाइनें बिछा रही है। घरों में खाना बनाने की गैस अब पाइप से आ पाएगी। जैसे पाइप से किचन में पानी आता है, वैसे ही अब गैस आएगी। अभी 2 लाख से ज्यादा घरों में सीधे पाइप से गैस पहुंचाने का लक्ष्य है। बाद में इसे और बढ़ाया जाएगा।**छत्तीसगढ़ में नए उद्योग लगाना भी संभव होगा**-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि गैस उपलब्ध होने से यहां छत्तीसगढ़ में नए उद्योग लगाना भी संभव हो पाएगा। इससे बड़ी संख्या में यहीं पर रोजगार बनेंगे। गैस पाइप लाइन आने से यहां सीएनजी से गाड़ियां चल पाएंगी। पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ समुंदर से दूर है, तो यहां तक गैस पहुंचाना इतना आसान नहीं है। पहले जो सरकार थी, उसने गैस पाइप लाइन पर भी जरूरी खर्च नहीं किया। हम इस चुनौती का भी समाधान कर रहे हैं। इससे पेट्रोलियम से जुड़े उत्पादों को ट्रकों से ट्रांसपोर्ट करने की मजबूरी कम होगी। यह चीजें कम कीमत में लोगों को मिलने लगेंगी।**80 हजार करोड़ रुपए आदिवासी इलाकों में खर्च कर रहे**-पीएम मोदी कहा कि भाजपा सरकार आदिवासी समाज के विकास के लिए भी विशेष अभियान चला रही है। इसके लिए धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत 80 हजार करोड़ रुपए आदिवासी इलाकों में खर्च किए जा रहे हैं। इससे छत्तीसगढ़ के करीब 7 हजार आदिवासी गांवों को फायदा हो रहा है। आदिवासियों में भी अति पिछड़ी आदिवासी जनजातियां होती है। पहली बार भाजपा सरकार ने अति पिछड़े आदिवासियों के लिए पीएम जन-मन योजना बनाई है। इसके तहत छत्तीसगढ़ के 18 जिलों में 2 हजार से अधिक बसाहटों में काम किया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि देशभर में पिछड़ी जनजातियों की बस्तियों में करीब 5 हजार किलोमीटर की सड़कें स्वीकृत की गई हैं। इनमें आधी सड़कें छत्तीसगढ़ में ही बनाई जानी हैं। यानी ढाई हजार किलोमीटर सड़कें यहां पीएम जन-मन योजना के तहत बनेंगी।**घरों के साथ उसमें रहने वालों की जिंदगी भी बना रहे**-पीएम मोदी ने कहा कि इसके बाद हमने गारंटी दी थी। यह सपना हमारी सरकार पूरा करेगी। इसलिए विष्णुदेव की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में 18 लाख घर बनाने का निर्णय लिया गया। उनमें से 3 लाख घर बनकर तैयार हैं। मुझे खुशी है, इसमें बहुत सारे घर आदिवासी क्षेत्रों में बने हैं। बस्तर और सरगुजा के अनेक परिवारों को अपने पक्के घर मिले हैं। जिन परिवारों की अनेक पीढ़ियों ने झोपड़ियों में बेहाल जीवन बिताया है। ये उनके लिए कितना बड़ा उपहार है। पीएम मोदी ने कहा कि इन घरों को बनाने के लिए भले ही सरकार ने मदद दी है, लेकिन घर कैसे बनेगा यह सरकार ने नहीं बल्कि हर लाभार्थी ने खुद तय किया है। हमारी सरकार केवल चार दिवारी के घर में नहीं बनाती, बल्कि इन घरों में रहने वालों की जिंदगी भी बनाती है। श्री मोदी ने कहा कि इन घरों को टायलेट, बिजली, उज्जवला की गैस, नल से जल सभी सुविधाओं से जोड़ने का प्रयास है।

### पक्के घर का...

रही थी। मां तो अपना आनंद रोक नहीं पा रही थी। पीएम ने कहा कि गरीब परिवारों के सिर पर पक्की छत प्रदेश की जनता के कारण संभव हो सका है क्यों आपने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। पीएम मोदी ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोला और कहा कि लाखों परिवारों के पक्के घर का सपना पहले की सरकार ने फाइलों में गुमा दिया था।

### मोदी की सौगात...

इस आह्वान और मोदी की गारंटी पर भरपूर भरोसा जताया। इसी विश्वास के कारण भाजपा को विधानसभा और लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक सफलता हुई और डबल इंजन की सरकार बनी। इसके बाद स्थानीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायती राज के चुनाव में जनता का भरपूर आशीर्वाद भाजपा को मिला।

### मोदी को भेंट...

छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहर बिलासपुर का नाम पड़ा। वे केवट समुदाय से संबंध रखती थीं।एक ऐसा समुदाय, जो भारतीय इतिहास में जल परिवहन, सेवा भाव और ईमानदारी के लिए जाना जाता है। भगवान श्रीराम के जीवन में केवट समुदाय की भूमिका आज भी आदर्श के रूप में स्मरण की जाती है। यह भेंट प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उस दूरदर्शी नेतृत्व के साथ प्रतिध्वनित होती है, जिसके केंद्र में नारी शक्ति और राष्ट्र निर्माण में सहभागिता की संकल्पना है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'उज्ज्वला योजना', 'महिला स्वयं सहायता समूह', 'नारी शक्ति मिशन' जैसी योजनाएँ इसी दिशा में उठाए गए ऐतिहासिक कदम हैं। यह मोमेंटो केवल एक शिल्पकृति नहीं, बल्कि एक वैचारिक प्रतीक है,जो दर्शाता है कि भारत का भविष्य तभी उज्ज्वल होगा, जब उसकी महिलाएँ सशक्त होंगी। यह भेंट छत्तीसगढ़ के गौरवशाली अतीत, वर्तमान प्रयासों और भविष्य की संभावनाओं का समन्वय है।बिलासा देवी केवट का यह प्रतीक प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को भेंट कर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने महिलाओं के सामर्थ्य और भारतीय संस्कृति के यशस्वी मूल्यों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित भी किया है।

### सोन नदी में...

हालत गंभीर है। घायलों का इलाज जिला अस्पताल गौरेला में चल रहा है। वहीं, जिला अस्पताल में घायलों को देखने के लिए कलेक्टर लीना मंडावी, एसडीएम अमित बेक, एसडीओपी निकिता तिवारी सहित अन्य अधिकारी पहुंचे और घायलों का समुचित इलाज करने का निर्देश दिया। बता दें कि सोन नदी की इस पुल पर इससे पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। साइड वॉल न होने की वजह से कई बार दुर्घटनाग्रस्त लोग वाहन सहित पुल के नीचे गिर चुके हैं।

### समर्पितों, पीड़ितों...

हो अथवा स्वयमेव आम जनता की रक्षा व शासकीय, अशासकीय संपत्ति की सुरक्षा के दौरान नक्सलियों से मुकाबला किया हो।**नक्सल पीड़ितों को मिलेगी ये मदद**-नक्सली हिंसा में किसी आम नागरिक के मृत शारीरिक रूप से अर्पण होने या गंभीर रूप से पागल होने, किसी व्यक्ति की संपत्ति की आंशिक रूप से या पूर्ण रूप से क्षति होने पर उन्हें 5 लाख रुपए, पुलिस के 'विशेष सहयोगी की नक्सली घटनाओं में मृत्यु पर कुल राशि 5 लाख रुपए के स्थान पर कुल राशि 10 लाख रुपए दी जाएगी। केंद्रीय योजना के तहत दी जाने वाली राशि इसके अतिरिक्त होगी। घायल को स्थायी असमर्थ होने पर पांच लाख, गंभीर रूप से घायल होने पर दो लाख रुपए। पुलिस के 'विशेष सहयोगी' के स्वयं परिवार के सदस्यों के प्रकरणों में यह राशि क्रमशः 8 लाख एवं 4 लाख होगी, इसी तरह चल संपत्ति (अनाज, कपड़े, घरेलू सामान) के नुकसान पर रुपए 40 हजार, स्थायी संपत्ति (मकान, दुकान आदि) कच्चे मकान, पक्के मकान के 60 हजार और रुपए 1.50 लाख दिए जाएंगे। जीविकोपार्जन के साधन की क्षति जैसे बैलगाड़ी, नाव, ट्रैक्टर ट्रॉली, ट्रैक्टर, जीप, ट्रक, रोड रोलर, जेसीबी, पोकलेन एवं सड़क निर्माण में शामिल अन्य उपकरण पर 60 हजार रुपए से लेकर 8 लाख रुपए दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

### आत्मसमर्पण करने...

सरकार, चेतना नाट्य मंच, पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया, तृतीय प्रस्तुति कमेटी, झारखंड जनमुक्ति परिषद, जनहित क्रांति पार्टी, मूलनिवासी बचाओ मंच का सदस्य, चाहे वह किसी भी पद पर हो एवं शासन द्वारा समय-समय पर इस प्रकार घोषित विधि विरुद्ध नक्सली संगठन का सदस्य हो, या रहा हो। ऐसे व्यक्ति, जो छत्तीसगढ़ राज्य के मूलनिवासी हों या नहीं, लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य में इन संगठनों के क्रियाकलाप में शामिल हों, आत्मसमर्पण के लिए पात्र माने जाएंगे।

### ईनामी नक्सलियों को...

किया गया है। व्यावहारिक रूप से भूमि की सीमित उपलब्धता के कारण अधिकांश प्रकरणों में मुआवजा राशि ही देय होगी। ऐसे आत्मसर्पित नक्सली, जो विशेष रूप से पुलिस को नक्सली विरुद्ध अभियान में सहयोग कर रहे हैं, आत्मसमर्पण उपरांत नक्सली को अपने परिवार को रखने के लिए जिला स्तरीय समिति द्वारा चयनित स्थान पर ग्रामीण, शहरी क्षेत्र में प्रचलित आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास दिया जाएगा।

### साल में एक...

रही। मां निरई की दिव्य ज्योति स्थल पहाड़ी के गुफा रास्ते में इस कदर रेला लगा रहा कि अनेक लोग गुफा तक पहुंचने से पहले वापस लौटे गए। बलि देने के लिए अलग-अलग दो देवस्थानों को लकड़ियों की बल्लियों से घेरा गया था। यहां पर अपने अपने बकरों के साथ सैकड़ों लोग कतार में खड़े रहे। परम्परानुसार सिरहा बैगाओं द्वारा निरई माता की पूजा अर्चना के बाद 10 बजे बकरों की बलि देने का सिलसिला शुरू हुआ, जो दोपहर तक अनवरत चलता रहा। ट्रैक्टर ट्राली से भरकर बकरे की मुंडियों को गांवों में बांटा गया। माता दरबार से लेकर पैरी नदी तक पांच किमी क्षेत्र में लोग भोजन बनाने प्रसादी लेते नजर आए।

### साल में एक...

की पूर्ति के लिए मां निरई के दरबार में लोग बकरे की बलि चढ़ाते हैं। माता की श्रृंगार, कुमकुम से पूजा नहीं होती है। नारियल और अगरबत्ती से पूजा की मान्यता है।

### एकलौता देवी स्थल,...

दिया। तब से माता निरई के जात्रा में कोई महिला नहीं जाती। बताते हैं कि प्रदेश में निरई माता का ही ऐसा दरबार है, जहां महिला प्रतिबंधित है। यहां नवरात्रि के प्रथम रविवार को बलि देने की परम्परा है।

### नक्सली लीडर वसव...

इनाम 5 लाख, पायकी हपका उर्फ सुकाई (30), निवासी काकेकोरमा थाना बीजापुर इनाम 5 लाख, सोनू ताती (28), निवासी सावनार थाना गंगालूर ईनाम 5 लाख, पोज्जा ताती उर्फ दिवाकर (32), निवासी कोरसागुड़ा थाना बासागुड़ा इनाम 1 लाख, नानी माड़वी (35), निवासी सावनार थाना गंगालूर इनाम 1 लाख, बुधराम पदम उर्फ डोरा (28), निवासी सावनार थाना गंगालूर इनाम 1 लाख, पायकी पोटाम (38), निवासी कोरचोली थाना गंगालूर इनाम 1 लाख, आयतू पोटाम (45), निवासी कोरचोली थाना गंगालूर इनामी 1 लाख है।

### इनका भी हुआ...

पोटाम उर्फ मुरा,पाकलू पोटाम उर्फ डोम्मी, सन्नू कारम उर्फ डेंगा, सुखराम पोटाम उर्फ पितूर, बदरू पुनेम उर्फ छोटू, मंगू पुनेम, छोटी पोटाम, मंगी ताती, सोमू पोटाम, लक्खी पोटाम,सुक्की पोटाम, मंगू पोटाम ,लक्ष्मण ओयाम उर्फ मांझी, नारायण गटपल्ली, पंकज मड़कम, हुंगा ताती, बुधरा मड़कम, देवा माड़वी उर्फ अतुल, लक्ष्मैया पोड़ियाम, लक्ष्मण परसिक, बुधू हेमला, सुदरू पदम और बुधराम कड़िया ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है।

### शाह बोले- किया...

मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा, 31 मार्च 2026 के बाद देश में नक्सलवाद इतिहास बन जाएगा, यह हमारा संकल्प है। उन्होंने हिंदी में 'एक्स' पर लिखा, यह बहुत हर्ष का विषय है कि बीजापुर (छत्तीसगढ़) में 50 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया। हिंसा और हथियार छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल होने वालों का मैं स्वागत करता हूं। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति स्पष्ट है कि जो भी नक्सली हथियार छोड़कर विकास का मार्ग अपनाएंगे, उनका पुनर्वास कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को 50 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें 14 नक्सलियों पर कुल 68 लाख रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले 50 नक्सलियों में से छह पर आठ-आठ लाख रुपए का इनाम था, जबकि तीन पर पांच-पांच लाख रुपए का इनाम था। पांच अन्य पर एक-एक लाख रुपए का इनाम था। पुलिस ने बताया कि जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स, विशेष कार्य बल (एसटीएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और इसकी विशिष्ट इकाई कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रिजोल्यूट एक्शन) ने उनके आत्मसमर्पण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### नक्सलियों के दरभा...

मार गिराया गया। जवानों ने एक तरह से नक्सलियों पर कड़ा प्रहार करते हुए दरभा डिविजन का लगभग सफाया कर दिया है। इसके अलावा मुठभेड़ में एसीएम रैंक के 10 नक्सली, जिन पर 5-5 लाख का था इनाम, उन्हें भी मार गिराया गया है। इनमें दोरनापाल एलओएस कमाण्डर पोडियम भीमा उर्फ रोशन उर्फ पवन, एरिया डीएककेएमएस अध्यक्षा सवलम जोगी, पार्टी मेंबर देवे, सुरक्षा दलम कमाण्डर दशरी पति अर्जुन उर्फ कुम्मा, डिविजन सीएनएम अध्यक्षा देवे माड़वी, डिवीजन टेलर टीम डिप्टी कमाण्डर माड़वी मासे, एरिया कमाण्ड इन चीफ माड़वी हिड़मा, डिविजन टेलर टीम डिप्टी कमाण्डर माडवी मासे, एरिया कमाण्ड इन चीफ माड़वी हिड़मा, डिविजन केएएमएस अध्यक्ष बुस्की नुप्पो तथा 2-2 लाख के इनामी प्लाटून मेडिकल टीम प्रभारी हिड़मे सोढ़ी, पार्टी मेंबर हुंगी, पार्टी मेंबर व प्रेस टीम मेंबर मोहन उर्फ मोटू हेमला, पार्टी मेंबर व एसजेडसीएम जगदीश का सुरक्षा गार्ड मुचाकी जोगी, पार्टी मेंबर व रोशन का गनमेन कुंजाम भीमे, पार्टी मेंबर कवासी जोगी व पार्टी मेंबर जगदीश का गार्ड सोमा शामिल है।

### 87 दिन में...

सुरक्षाबलों द्वारा मजबूत मनोबल व स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास के लिए समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है। यही वजह है कि वर्ष 2025 में बस्तर संभाग में सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरुद्ध माओवादी विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है। पिछले 87 दिनों में करोड़ों के इनामी 117 हार्डकोर माओवादियों के शव व भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार, विस्फोटक बरामद किए जा चुके हैं।

### अवैध कोयला खनन...

आशंका जताई गई कि दोनों ग्रामीण दब गए थे। परिजन द्वारा इस बात की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई, इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अवैध खनन की जांच की जा रही है और स्थानीय प्रशासन ने इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। दूसरी ओर ग्रामीणों का कहना है कि जंगल में अवैध रूप से अवैध खनन, पेड़ की अंधाधुंध कटाई और बिना किसी कार्रवाई के काम करने वाले प्रशिक्षु कर्मचारियों की लापरवाही से हालात और भी गंभीर होते जा रहे हैं। आज भी घुटरा क्षेत्र में अवैध कोयला खनन के मामले में वन विभाग को जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। मुंशी से लेकर प्रशिक्षित तक के कर्मचारी इस खनन में संलिप्त रहे, इसके कारण मामला जस का तस बना हुआ है। घुटरा क्षेत्र में अवैध कोयला खनन के कई मोहाड़ा जंगलों में बन चुके हैं, जहां पर लगातार खनन किया जा रहा है।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925



बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्टी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के दर्द और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुंसिया, बिस्फुटी आदि पर, बुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-घरेलू काम एवं साफ सफाई हेतु महिला चाहिए। सम्पर्क करें- सुबह 9 से शाम 7बजे तक, डॉक्टर अनिल अग्रवाल प्रकृति लूथरा नर्सिंग होम के पीछे नेहरु नगर बिलासपुर 7999877858 (37255)

**आवश्यकता है**-ऑनलाइन शॉपिंग साइट पर कार्य करने हेतु तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर चाहिए। इंग्लिश पढ़ना लिखना अनिवार्य। वेतन 8000 से 10000 सम्पर्क करें-श्रीराम क्लॉथ स्टोर, अग्रसेन चौक के पास बिलासपुर 98271 98028 (1621)

**आवश्यकता है**-छड़, सीमेंट दुकान कार्य करने के लिए मेहनती लड़कों वेतन 12000 एवं ट्रैक्टर चलाने हेतु ड्राइवर वेतन 10000 की आवश्यकता है सम्पर्क करें- ममता ट्रेडर्स मोपका बिलासपुर 93003 07926, 9993443207 (37256)

**आवश्यकता है**-दुकान में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 8000 सम्पर्क करें- गुप्ता अम्ब्रेला, गुप्ता लॉज के बाजू में जगदीश होटल के सामने गोल बाजार बिलासपुर (37244)

**आवश्यकता है**-होटल मे कार्य हेतु चाइनीज कुक, इंडियन कुक, तन्दूर कुक, किचन हेल्पर, रात में बर्तन और किचन धोने वालो की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करे- 75871 76779 (37249)

**आवश्यकता है**-हाउस कीपिंग, सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, प्लम्बर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- किम्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पीटल बिलासपुर 76940 06583 (37243)

**आवश्यकता है**- बम्पर भर्ती OMMI मल्टीनेशनल कम्पनी को 140 से अधिक लड़के, लड़कियां की आवश्यकता है आय 10500 से 18500 प्रतिमाह आवास, खाना फ्री परमानेन्ट जॉब पता-दीपसागर कालोनी बिलासपुर 80034 02269, 9519393913 (37126)

**आवश्यकता हैं**
आया बाई (हॉस्पिटल एवं घरेलु कार्य हेतु)
नर्सिंग स्टॉफ
काउंटर स्टाफ
अग्रवाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल
मगरपारा रोड, बिलासपुर
संपर्क करें:- सुबह 11 से 01 बजे तक
07752-226296, 402543

Requirment-(1) Civil Draftman (2) Site supervisor (3) Architect/ Urban Planner (4) Office Boy Qualification ITI, Diploma in Civil Engg. BE Civil,B.Arch.for Architecture firm in Bilaspur Send CV@ WhatsApp 9893542408 (37218)

**आवश्यकता है**-बिलासपुर में 3वर्ष के बच्चे के साथ खेलने हेतु 30 वर्ष से कम 24घंटे साथ में रहने वाली को प्राथमिकता लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9826307980 98938674 (37247)

**आवश्यकता है**-ड्राइवर की आवश्यकता है राज किशोर नगर में टैक्सी गाड़ी चलाने के लिए ड्राइवर की जरूरत है, अनुभवी सम्पर्क करें- 70007 76725 वेतन 10000 भत्ता अलग से (37233)

**आवश्यकता है**-प्लाईवुड, हार्डवेयर, सनमाइका दुकान में मेहनती कार्य हेतु 8वीं पास व्यक्तियों एवं काउंटर संभालने हेतु शिक्षित सेल्सगर्ल/ सेल्समैन चाहिए। बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- सरस्वती ट्रेडिंग एजेन्सी पुराना हाईकोर्ट रोड बिलासपुर (37229)

**आवश्यकता है**-कम्प्यूटर आपरेटर- 2 पद, ड्राइवर- 4 पद, सफाई कर्मचारी- 2 पद की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सक्षम टूर एण्ड ट्रेवल्स, मंगला रोड, बिलासपुर 9755440437, 6264125145 (37230)

**आवश्यकता है**-सुपर बाजार में कार्य करने हेतु कैशियर-1 पद, सेल्समेन- 4 पद की शीघ्र आवश्यकता है पता- ब्रांड बाजार मुंगेली नाका मैदान के सामने बिलासपुर 7441151111 (37220)

**आवश्यकता है**-इलेक्ट्रीकल दुकान मे माल निकालने एवं कार्य करने हेतु युवक युवतियो की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- भारती इलेक्ट्रीकल तेलीपारा मेन रोड बिलासपुर 96411 14111 (37236)

**आवश्यकता है**-दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मां अम्बे रेडीमेड, आहूजा मोबाइल के आगे करबला रोड बिलासपुर 8959395941 (37224)

**आवश्यकता है**-वेटर/ झाड़ू पोछा सफाई के लिए कर्मचारी/ लड़कों की आवश्यकता है वेतन 10000 ग्रामीणों को रहना खाना निःशुल्क। सम्पर्क करें- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9406390898, 9827940898 (37217)

**आवश्यकता है**-डेंटल क्लीनिक में कार्य हेतु अटेंडर, साफ सफाई हेतु कर्मचारी चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- जी.वी. डेंटल क्लीनिक स्टेट बैंक के सामने राजकिशोर नगर एवं मंगला चौक बिलासपुर (37221)

Wanted-Job vacancy CA office Key Responsibilities handling GST Accounts in tally work in Excel, Ms word, Mail your CV-rapidbsp@gmail.com, Both Article & staff can apply (3409)

**आवश्यकता है**-बॉयज हॉस्टल में झाड़ू पोछा टॉयलेट क्लीनिंग कार क्लीनिंग के लिए मेहनती आदमी की रहने की सुविधा ड्यूटी 9 से 6 तक वेतन 10000 से योग्यता अनुसार दयालबंद बिलासपुर 9827921223, 98279 59907 (3412)

**आवश्यकता है**-इंदौर मध्य प्रदेश में ऑफिस कार्य हेतु 18-30 वर्ष, 10th, 12th, ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 11000+ कमीशन, बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री+ गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें- 7898882634, 74154 55110 (311)

**आवश्यकता है**-निजी प्रसूति चिकित्सालय में कार्य करने हेतुअनुभवी महिला नर्स नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है निवास की सुविधा उपलब्ध है सम्पर्क करें-9826134710, 7693807006 (37223)

**आवश्यकता है**-कुशल लेथ मशीन ऑपरेटर, वेल्डर एवं हेल्पर की अति शीघ्र आवश्यकता है। सम्पर्क करें- कृष्णा जेसीबी के पीछे सिरगिट्टी बिलासपुर 7828070065 (37238)

**आवश्यकता है**-रेल्वे ठेके अंतर्गत प्राइवेट कंपनी में जीप चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 6261113408, 9109310130, 7828947265 (37226)

**आवश्यकता है**-ड्राइवर की आवश्यकता है जो ऑटोमैटिक और मैनुअल कार चला सके, 5-10 साल का अनुभव होना चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार स्थान-73, लास विस्टा सोसायटी अमलीडीह रायपुर सम्पर्क करे- 9575042804 (3405)

**आवश्यकता है**-नौकरी ही नौकरी तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या 975 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन 27500+52400 तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्क शीट पैन कार्ड व्हाट्सएप करे 7460994309 (745)

**आवश्यकता है**-टेलीकॉलिंग हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है योग्यता 10वीं पास सैलरी+ कमीशन+ बोनस सम्पर्क करें- अग्रसेन चौक के पास लिंक रोड बिलासपुर 9691077324, 62669 45733 (746)

**आवश्यकता है**-नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो सम्पर्क करें- 9202613238 (749)

**आवश्यकता है**-Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुल टाईम SMS जॉब करके लड़के लड़कियों, गृहणियां कमाए 15000-45000महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ whats App/ SMS करें- 9264268269 (741)

## वाहन बेचना है

**वाहन बेचना है**-मारुति सियाज कार बेचना है। दिसम्बर 2018 मॉडल। एकदम सही कंडीशन। 62000 किलो मीटर चली है। सम्पर्क करें- अग्रवाल 9300416538 (37228)

## किराया

**किराया**-VR Plaza Link Road में First Floor में 250 वर्गफुट शानदार आफिस किराये से देना है सम्पर्क करें- 7412933333 (36987)

**किराया**-ग्रीन गार्डन नीलगिरी अपार्टमेंट मुंगेली रोड में 3 बेडरूम, सर्वेंट क्वार्टर, नव पुनर्निर्मित सर्व सुविधा युक्त फ्लैट किराये पर देना है बैंक अधिकारी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 7023445244 (37257)

**किराया**-मकान किराये पर देना है भूतल 5 कमरे, किचन, लेटबाथ आंगन आगे पीछे प्रथम तल 2हाल 2बेडरूम किचन लेटबाथ बाल्कनी छत। नौकरी, परिवार को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9827150429, 7987450893 (37239)

## बेचना है

**बेचना है**-अज्ञेय नगर 30×50 अल्का एवेन्यू 45×85 शान्ती नगर डबल स्टोरी मकान आकाश मार्ग शुभम विहार 72×43, 24×43, 36×43, शान्ती नगर 30×54 मिनोचा कालोनी 23×56, अपोलो हास्पीटल 24×64 सम्पर्क करें-9425540759 (37245)

**बेचना है**-मोपका गणपति होम्स कॉलोनी में 1050 वर्गफीट में निर्मित 2BHK स्वतंत्र पूर्व मुखी मकान बेचना है कीमत 35 लाख कृपया खरीददार ही सम्पर्क करें- 9685833889 (3389)

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

**बेचना है**-25×50= 1250 वर्गफुट डाइवर्टेड प्लॉट प्लीन्थ लेबल पूर्ण, बोर किया हुआ, नक्शा पास डबल रोड में तत्काल बेचना है। पता- गणेश विहार, साईं आनंदम के पास उसलापुर बिलासपुर 93405 82883, 9301227779 (37240)

**बेचना है**-मोपका, विवेकानंद नगर 1350 वर्गफुट में नया मकान बेचना है वास्तु अनुरूप 2BHK हॉल, कीमत 48लाख बैंक फाइनेन्स उपलब्ध सम्पर्क करें- आशा ट्रेडर्स नहर चौक मोपका 7000873434, 98271897282, 93004 01084 (37253)

**बेचना है**-रतनपुर केरा तालाब से लगा हुआ पूर्व मुखी 20 फीट रोड पर 44×55= 2420 वर्गफीट का प्लाट अति शीघ्र बेचना है खरीददार ही सम्पर्क करें- 9407912771, 88272 88033 (37234)

## शैक्षणिक

**समर स्पेशल**-सिंगिंग, पेंटिंग, शतरंज सीखिए! किसी भी उम्र के बच्चे, महिला/ पुरुष ऊपर दिये कला/ खेल को सीखना चाहते हैं तो नीचे दिये नम्बर पर सम्पर्क करें- 9329606341, 9301253444 (37242)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

Medicare Specialists
चिकित्सा मे अचूक प्रामाणिक प्रयोग
(3) समस्त प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी एवं यौन रोग। नोट: पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इंद्रिय) को बड़ा मोटा करने का आजतक कोई भी उपाय नहीं हैं। सावधान!
बायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल
फार्मा साईटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,।
मोबा.: 9425555659, 9617789223, 9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाइंटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)
गुप्त रोगो का सफल ईलाज
❖ गुप्त रोग, नामर्दी
❖ लिंग में छोटापन।
❖ शीघ्र पतन
❖ पेशाब से धातु जाना।
❖ लिंग में ढीलापन,
❖ शुक्राणु की कमी।
❖ शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
❖ जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
❖ चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें
9826038170

## CLASSIFIED RATE CARD

01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

**SCHEME**
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.

5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| Edition | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com






# आईपीएल : शुभमन का टूटा रिकॉर्ड, दशक में सबसे ज्यादा रन डुप्लेसिस के नाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2025 के 10वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली के उप-कप्तान व ओपनर बल्लेबाज फॉफ डुप्लेसिस ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। डुप्लेसिस ने इस मैच में 26 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और 27 गेंदों पर 3 छक्के और 3 चौकों की मदद से 50 रन की पारी खेली और फिर आउट हो गए।

ये उनके आईपीएल क्रिकेट करियर का 38वां अर्धशतक रहा। फॉफ डुप्लेसिस इस पारी के बाद आईपीएल में इस दशक में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बने तो वहीं हैदराबाद के युवा बैटर अनिकेत ने इस लीग के 10 मैचों में इस लीग में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए और श्रेयस अय्यर को पीछे छोड़ दिया।



## डुप्लेसिस के नाम 2797 रन

*आईपीएल में इस दशक में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर की लिस्ट में डुप्लेसिस पहले नंबर पर आ गए। इस दशक में यानी साल 2020 से आईपीएल में डुप्लेसिस ने अब तक 2797 रन बनाए हैं जबकि शुभमन गिल ने इस दशक में इस लीग में अब तक 78 पारियों में 2788 रन बनाए हैं। वहीं इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर केएल राहुल हैं जिन्होंने 66 पारियों में अब तक 2721 रन बनाए हैं।*



### दशक में सबसे ज्यादा रन

| रन | खिलाड़ी | पारी |
|---|---|---|
| 2797 | फाफ डु प्लेसिस | 75 |
| 2788 | शुभमन गिल | 78 |
| 2721 | केएल राहुल | 66 |
| 2682 | विराट कोहली | 77 |
| 2433 | ऋतुराज गायकवाड़ | 67 |
| 2289 | जोस बटलर | 63 |

### 2025 में सबसे ज्यादा छक्के

| छक्के | खिलाड़ी | गेंद |
|---|---|---|
| 13 | निकोलस पूरन | 56 |
| 12 | अनिकेत वर्मा | 57 |
| 9 | श्रेयस अय्यर | 42 |
| 8 | मिशेल मार्श | 67 |
| 8 | साई सुदर्शन | 82 |

## अनिकेत ने अय्यर को पीछे छोड़ा

*अनिकेत वर्मा ने दिल्ली के खिलाफ मुकाबले में हैदराबाद के लिए 74 रन की पारी खेली जिसमें 6 छक्के और 5 चौके लगाए। इन 6 छक्कों की पारी के दम पर अनिकेत इस सीजन के पहले 10 मैचों तक सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर्स की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए। अनिकेत ने अब तक खेले 3 मैचों में 12 छक्के लगाए हैं जबकि उन्होंने श्रेयस को पीछे छोड़ा जिन्होंने अब तक कुल 9 छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में निकोपस पूरन 13 सिक्स के साथ पहले स्थान पर हैं।*

खास खबर

## मुंबई को पहली जीत की तलाश आज नाइट राइडर्स देगी चुनौती



**मुंबई।** मुंबई इंडियन्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में एक बार फिर खराब शुरुआत करने के बाद सोमवार को अपने घरेलू मैदान पर गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जीत के साथ अंकों का खाता खोलने के इरादे से उतरेगी। मुंबई इंडियन्स के लिए आईपीएल सत्र की शुरुआत लगातार हार के साथ करना कोई नई बात नहीं है। टीम को अब तक चेन्नई सुपरकिंग्स और गुजरात टाइटंस के खिलाफ दो मैच में हार झेलनी पड़ी है। टूर्नामेंट में हमेशा धीमी शुरुआत करने वाली यह टीम ट्रॉफी जीतने के लिए एकजुट होकर खेलने के लिए जानी जाती है। नाइट राइडर्स की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ सत्र का पहला मैच गंवाने के बाद राजस्थान रॉयल्स पर अपनी बड़ी जीत की लय को जारी रखना चाहेगी।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलोर | 2 | 2 | 0 | 4 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| गुजरात | 2 | 1 | 1 | 2 |
| पंजाब | 1 | 1 | 0 | 2 |
| दिल्ली | 1 | 1 | 0 | 2 |
| हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 2 |
| कोलकाता | 2 | 1 | 1 | 2 |
| चेन्नई | 2 | 1 | 1 | 2 |
| मुंबई | 2 | 0 | 2 | 0 |
| राजस्थान | 2 | 0 | 2 | 0 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
145 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
07 विकेट
चेन्नई

### खबर संक्षेप

#### घरेलू फायदा कौन नहीं लेना चाहता

**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित ने इस बात का समर्थन किया कि मेजबान टीम को घरेलू पिचों का फायदा मिलना चाहिए और कहा कि उन्हें भी ईडन गार्डंस पर इस तरह के फायदे की अपेक्षा है।



कप्तान अजिंक्य रहाणे ने जब से कहा है कि ईडन गार्डंस पर उन्हें अपने स्पिनरों को और मदद मिलने की उम्मीद थी, केकेआर के घरेलू मैदान की पिचों को लेकर चर्चा चल पड़ी है। पंडित ने कहा, 'एक कोच, टीम प्रबंधन के तौर पर हम हमेशा चाहते हैं कि हम हर तरह की पिच पर खेलें। नियंत्रण क्यूरेटर के हाथ में होगा।'

#### टाइटंस के मध्य क्रम में कोई समस्या नहीं

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि उनकी टीम के मध्यक्रम में कोई समस्या नहीं है। उन्होंने पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियन्स को यहां हराने के बाद यह बात कही जिसमें शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने टाइटंस के लिए अधिकतर रन बनाए। गुजरात टाइटंस ने मुंबई इंडियन्स को 36 रन से हराया। मेजबान टीम ने घरेलू परिस्थितियों और काली मिट्टी की पिच का फायदा उठाते हुए आठ विकेट पर 196 रन का मजबूत स्कोर बनाया और फिर हार्दिक पंड्या की टीम को छह विकेट पर 160 रन पर रोक दिया।

#### रोहित को सब कुछ झोंकना होगा: मांजरेकर

**अहमदाबाद।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने रोहित शर्मा के मौजूदा फॉर्म की गंभीर तस्वीर पेश करते हुए कहा कि इस सीनियर बल्लेबाज के हाथ से चीजें फिसलती जा रही हैं जो अपने करियर के उस मुकाम पर पहुंच गए हैं जहां उन्हें हर सुबह अपना सब कुछ झोंकना होगा। मुंबई इंडियन्स का यह स्टार बल्लेबाज मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग के शुरुआती दो मैच में फ्लॉप रहा और शनिवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ टीम के पिछले मैच में आठ रन ही बना पाया।



### स्टार्क ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए झटके 5 विकेट

# दिल्ली कैपिटल्स की लगातार दूसरी जीत हैदराबाद को सात विकेट से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराकर दो मैच में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। सनराइजर्स के 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने फाफ डुप्लेसी और जैक फ्रेजर मैकगर्क के बीच पहले विकेट की 81 रन की साझेदारी से 16 ओवर में तीन विकेट पर 166 रन बनाकर आसान जीत हासिल की। अभिषेक पोरेल और ट्रिस्टन स्टब्स ने चौथे विकेट के लिए 51 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

स्टार्क ने इससे पहले करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 35 रन पर पांच जबकि कुलदीप ने 22 रन पर तीन विकेट चटकाए जिससे सनराइजर्स की टीम 18.4 ओवर में 163 रन पर सिमट गई। सनराइजर्स ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और सिर्फ अनिकेत वर्मा और हेनरिच क्लासेन ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी भी की। इन दोनों के अलावा ट्रेविस हेड (22) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।



#### स्टार्क और कुलदीप ने गेंद से बरपाया कहर

सनराइजर्स हैदराबाद का बैटिंग ऑर्डर दिल्ली के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और कुलदीप यादव के आगे एक दम खराब रहा। हैदराबाद की टीम के 8 बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच पाए। दिल्ली के लिए स्टार्क ने 5 विकेट लेकर तहलका मचाया और कुलदीप ने 3 विकेट लेकर उनकी मदद की।

#### स्टार्क पांच विकेट लेने वाले दूसरे उम्रदराज गेंदबाज

स्टार्क ने एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है। वह आईपीएल के किसी एक मैच में पांच विकेट लेने वाले दूसरे उम्रदराज गेंदबाज बन गए हैं। आईपीएल में एक मैच में पांच विकेट लेने वाले सबसे उम्रदराज गेंदबाज का रिकॉर्ड अनिल कुंबले के नाम है। कुंबले ने 2009 में 38 साल 183 दिन की उम्र में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पांच विकेट लिए थे। स्टार्क ने 35 साल 59 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की।

## फिर हारी सुपर किंग्स, राजस्थान रॉयल्स ने चखा जीत का स्वाद

**गुवाहाटी।** नीतिश राणा के 36 गेंद में 81 रन की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स को छह रन से हराकर अपना खाता खोला। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजे गए राणा ने 10 चौकों और पांच छक्कों की पारी के दम पर रॉयल्स को नौ विकेट पर 182 रन तक पहुंचाया। जवाब में 2019 के बाद एक भी बार 180 रन से ऊपर का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी चेन्नई सुपर किंग्स एक बार फिर नाकाम रही और 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन ही बना सकी। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 63 रन बनाए लेकिन कोई और बल्लेबाज टिक नहीं सका जिससे टीम को लगातार दूसरी हार झेलनी पड़ी। एक समय में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर रहे महेंद्र सिंह धोनी टीम को जीत नहीं दिला सके। पिछले मैच में नौवें नंबर पर उतरने के बाद रविवार को वह सातवें नंबर पर क्रीज पर आए तब चेन्नई को 12 गेंद में 39 रन की जरूरत थी। उन्होंने तुषार देशपांडे को चौका और छक्का लगाया लेकिन आखिरी ओवर में संदीप शर्मा की गेंद पर विकेट गंवा बैठे।



**हसरंगा ने झटके 4 विकेट :** लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने शानददार चार विकेट लेकर चेन्नई की कमर तोड़ दी। बीच के ओवरों में अफगानिस्तान के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद ने 28 रन देकर दो विकेट लिए। वहीं श्रीलंका के मथीषा पथिराना ने डैथ ओवरों में किफायती गेंदबाजी करते हुए 28 रन देकर दो विकेट चटकाए। खलील अहमद ने 38 रन देकर दो विकेट लिए।

## नामधारी ने बेंगलुरु 2-1 से को हराया



**लुधियाना।** नामधारी एफसी ने आई लीग फुटबॉल के मैच में रविवार को एससी बेंगलुरु को 2-1 से हराकर नौवीं जीत दर्ज की। मेजबान नामधारी टीम हाफटाइम तक 1-0 से आगे थी। आकाशदीप सिंह ने 28वें मिनट में नामधारी को बढ़त दिलाई। इसके बाद फ्रांसिस अड्डो ने 85वें मिनट में दूसरा गोल किया। बेंगलुरु के लिए एकमात्र गोल क्लारेंस फर्नांडिस ने 90वें मिनट में किया। नामधारी आई लीग की तालिका में 21 मैचों में 32 अंक लेकर छठे स्थान पर है। वहीं बेंगलुरु 21 मैचों में सिर्फ 20 अंक के साथ रेलिगेशन जोन में है।

## सबालेंका ने जीता 19वां टूर खिताब, जीता मियामी



**मियामी गार्डन्स।** आर्यना सबालेंका ने शनिवार रात को यहां मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जेसिका पेगुला को सीधे सेट में हराकर खिताब जीता। बेलारूस की शीर्ष वरीय सबालेंका ने अमेरिका की चौथी वरीय पेगुला को 7-5, 6-2 से हराकर पहली बार मियामी ओपन का खिताब जीता जो उनके करियर का 19वां टूर खिताब है। सबालेंका ने 24 विनर्स लगाए और 11 लाख डॉलर की इनामी राशि अपने नाम की। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन सबालेंका ने अमेरिकी ओपन 2024 के फाइनल में भी पेगुला को सीधे सेट में 7-5, 7-5 से हराया था। मार्सेलो अरेवालो और मेट पाविच की शीर्ष वरीय जोड़ी ने जूलियम कैश और लॉयड ग्लासपूल की छठी वरीय जोड़ी को 7-6, 6-3 से हराकर पुरुष युगल खिताब जीता।

एशियाई चैंपियनशिप

## पूनिया और उदित स्वर्ण पदक से एक कदम दूर



एजेंसी ▶▶| अम्मान

भारतीय पहलवान दीपक पूनिया और उदित ने रविवार को यहां फाइनल में जगह बनाकर एशियाई चैंपियनशिप में अपने पहले खिताब की उम्मीद बरकरार रखी।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे पूनिया ने बेकजात राखिमोव के खिलाफ 92 किग्रा वर्ग के कड़े मुकाबले में जीत के साथ वापसी की। पूनिया को किर्गिस्तान के प्रतिद्वंद्वी से कड़ी टक्कर मिली लेकिन वह क्वार्टर फाइनल में 12-7 से जीत दर्ज करने में सफल रहे। पूनिया को जापान के ताकाशी इशिगुरो से कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद थी लेकिन भारतीय पहलवान ने उन्हें आसानी से 8-1 से हरा दिया। वह अब स्वर्ण पदक के मुकाबले में ईरान के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अमीरहुसैन बी फिरोजपोरबांदपेई से भिड़ेंगे। पूनिया ने एशियाई चैंपियनशिप में चार पदक जीते हैं। वह 2021 में अल्माटी और 2022 में उलानबटोर में फाइनल में हार गए थे जबकि 2019 और 2020 में कांस्य पदक जीते। उदित ने भी 61 किग्रा के फाइनल में जगह बनाकर देश के लिए स्वर्ण पदक की उम्मीद बरकरार रखी है। उन्होंने किर्गिस्तान के बेकबोलोट मिर्जानजार उलु को 9-6 से हराने के बाद चीन के वानहाओ झोउ को 2-0 से शिकस्त दी।

दहिया ने भी दो जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। सिंगापुर के वेंग लुएन गैरी चाउ को दहिया ने बिना अंक गंवाए तकनीकी दक्षता के आधार पर हराने के बाद किर्गिस्तान के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी मुहम्मद अब्दुल्लाव को 3-1 से शिकस्त दी।

#### सेमीफाइनल में हारे दहिया

सेमीफाइनल में दहिया को हालांकि ईरान के दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अबुलफजल वाई रहमानी फिरौजाई के खिलाफ तकनीकी दक्षता के आधार पर शिकस्त झेलनी पड़ी। दिनेश भी हेवीवेट 125 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचे। भारतीय पहलवान ने क्वार्टर फाइनल में तकनीकी दक्षता के आधार पर चीन के बुहीरदुन हराया लेकिन सेमीफाइनल में मंगोलिया के लखागवागेरेल मुनखतूर के खिलाफ 1-5 से हार गए।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे और टी20 खेलेगा भारत

### 19 अक्टूबर से आठ नवंबर के बीच खेले जाएगे टूर्नामेंट

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को कहा कि भारतीय पुरुष टीम इस साल के अंत में तीन एकदिवसीय और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। मेहमान टीम 19 अक्टूबर से आठ नवंबर के बीच सफेद गेंद के मैच खेलेगी। 50 ओवर के मैच जहां दिन-रात के होंगे तो वहीं टी20 मुकाबले रात के मैच होंगे।

आगामी 2025-26 सत्र के दौरान पहली बार ऑस्ट्रेलिया के सभी आठ राज्यों और क्षेत्रों में पुरुषों के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का आयोजन होगा। कैनबरा और होबार्ट दोनों पांच मैच की टी20 श्रृंखला के दौरान भारत की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। विश्व कप 2023 के फाइनल में जगह बनाने वाले भारत और ऑस्ट्रेलिया इससे पहले पर्थ, एडीलेड और सिडनी में भी 50 ओवर के मैच खेलेंगे। भारत 2024-25 में पांच टेस्ट मैच की बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद ऑस्ट्रेलिया लौटेगा। बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ऑस्ट्रेलिया में दर्शकों की संख्या के नए रिकॉर्ड बने थे।



#### एकदिवसीय श्रृंखला

| दिनांक | शहर |
|---|---|
| 19 अक्टूबर | पर्थ |
| 23 अक्टूबर | एडीलेड |
| 25 अक्टूबर | सिडनी |

#### टी20 श्रृंखला

| दिनांक | शहर |
|---|---|
| 29 अक्टूबर | कैनबरा |
| 31 अक्टूबर | मेलबर्न |
| 2 नवंबर | होबार्ट |
| 6 नवंबर | गोल्ड कोस्ट |
| 8 नवंबर | ब्रिस्बेन |





#### महिला टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा

टी20 अंतरराष्ट्रीय

| दिनांक | शहर |
|---|---|
| 15 फरवरी | सिडनी |
| 19 फरवरी | कैनबरा |
| 21 फरवरी | एडीलेड |

**एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय**

| | |
|---|---|
| 24 फरवरी | ब्रिस्बेन |
| 27 फरवरी | होबार्ट |
| 1 मार्च | मेलबर्न |

**एकमात्र टेस्ट**

| | |
|---|---|
| 6-9 मार्च | पर्थ (दिन-रात्रि) |

## गुलवीर ने 10 हजार मीटर में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह ने अमेरिका में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर के टूर्नामेंट द टेन प्रतियोगिता में 10 हजार मीटर दौड़ में 27 मिनट 00.22 सेकंड का समय लेकर अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा।



हांगझोउ एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता गुलवीर का पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड 27 मिनट 14.88 सेकेंड का था जिसे उन्होंने पिछले साल नवंबर में जापान के हाचियोजी में बनाया था। बैंकॉक में 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले 26 वर्षीय गुलवीर ने पिछले साल दो बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने जापान में इसे बेहतर करने से पहले मार्च में कैलिफोर्निया के सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में 27 मिनट 41.81 सेकंड का समय लिया था। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा, 'गुलवीर सिंह ने 27 मिनट 00.22 सेकंड का समय लेकर 10 हजार मीटर के अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। वह शनिवार को अमेरिका में द टेन प्रतियोगिता में छठे स्थान पर रहे।' उत्तर प्रदेश के रहने वाले गुलवीर ने पिछले साल 13 मिनट 11.82 सेकंड के साथ 5000 मीटर में भी राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था।




## खबर संक्षेप

### पेड़ से टकराई कार, दो की मौत, दो घायल

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के नारायणा में कार के पेड़ से टकरा जाने से दो लोगों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान दिल्ली के हरिनगर निवासी लक्षित नेगी (22) और यश वर्मा (21) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में शामिल कार इस टक्कर के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। घायलों की पहचान यश गुप्ता (22) और हिमांशु (23) के रूप में हुई है।

### एंबुलेंस-ट्रेलर की टक्कर में दो की मौत

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में रविवार को एक ट्रेलर और एंबुलेंस की टक्कर में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। इस दुर्घटना में लाल बहादुर (40) और तारा देवी (55) की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मऊ जिले के मधुबन के रहने वाले सत्येंद्र प्रसाद अपने परिवार के साथ लखनऊ से अपने 75 वर्षीय पिता जगलाल प्रसाद का शव लेकर घर लौट रहे थे। रविवार सुबह करीब छह बजे एंबुलेंस गायघाट गांव पहुंची ही थी कि तभी बड़हलगंज की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने वाहन को टक्कर मार दी।

### संदिग्ध तरीकों से हथियार लाइसेंस लिया, 12 गिरफ्तार

**सुरेंद्रनगर।** गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में नगालैंड और मणिपुर से संदिग्ध तरीकों से हथियार लाइसेंस हासिल करने व उनका इस्तेमाल कर हथियार खरीदने के आरोप में 21 लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनके पास से कम से कम 25 हथियार जब्त किए गए हैं। पुलिस उपाधीक्षक निकुंज पटेल ने बताया कि हिरासत में लिए गए 21 लोगों में से 17 ने करीब 25 लाख रुपये के 25 हथियार खरीदे थे, जबकि अन्य ने सिर्फ अपने नाम पर लाइसेंस बनवाए थे।

# धरती कांपी, समंदर उफान पर, म्यांमार के बाद अब टोंगा में 7.1 तीव्रता का भूकंप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

म्यामांर में दो दिन पहले आए विनाशकारी भूकंप हजारों लोगों की जान ले ली। सड़कों पर पड़े शवों से अब भयानक दुर्गंध फैलनी शुरू हो गई है और उधर लोग अब भी अपने परिजनों की खोज में हाथों से मलबा हटाने में जुटे हुए हैं। भूकंप में 1,600 से अधिक लोगों की मौत हो गयी और अनगिनत लोग जगह-जगह मलबे में दब गए। इस बीच, प्रशांत महासागर में स्थित टोंगा के तट के पास 7.1 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने रविवार को इसकी पुष्टि की। भूकंप के बाद सुनामी की लहरें उठने की रिपोर्ट मिली है। रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप का केंद्र टोंगा के पांगाई गांव से 90 किलोमीटर (56 मील) दक्षिण-पूर्व में था और इसकी गहराई कम थी, जिससे झटके अधिक प्रभावी रहे। सुनामी की चेतावनी टोंगा के साथ-साथ पड़ोसी द्वीप देश नियू तक बढ़ा दी गई है।



### सुनामी का खतरा

अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली के अनुसार, नियू और टोंगा के कुछ तटीय क्षेत्रों में समुद्र का स्तर सामान्य से 0.3 से 1 मीटर तक ऊपर उठ सकता है। पहले जारी चेतावनी में कहा गया था कि भूकंप के केंद्र से 300 किलोमीटर के दायरे में खतरनाक सुनामी लहरें उठ सकती हैं। टोंगा की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी ने नागरिकों को समुद्र तट और निचले इलाकों से दूर रहने की सलाह दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा, जो लोग तटीय इलाकों में रहते हैं, वे तुरंत ऊंचे स्थानों पर चले जाएं या अंदरूनी इलाकों की ओर बढ़ें।



### भूकंप के लिए संवेदनशील टोंगा

टोंगा लगभग 1 लाख की आबादी वाला द्वीपसमूह है। यह भूकंप और ज्वालामुखी गतिविधियों के लिए बेहद संवेदनशील है। यह क्षेत्र 'रिंग ऑफ फायर' पर स्थित है, जो दुनिया के सबसे सक्रिय भूकंपीय इलाकों में से एक है। यह रिंग दक्षिण पूर्व एशिया से लेकर पूरे प्रशांत महासागर में फैली हुई है। अब तक किसी बड़े नुकसान या हताहतों की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन आपदा प्रबंधन टीमें स्थिति पर कड़ी नजर रख रही हैं।

## 500 युवतियों को फंसाया, पोर्न स्टूडियो में शूटिंग

# नोएडा के आरोपी दंपती यूरोपीय देशों तक में भेजते थे पोर्न फिल्में

एजेंसी ▶▶ नोएडा

नोएडा में ऑडिशन के लिए मॉडल बुलाकर आपत्तिजनक सामग्री बनाने का पर्दाफाश हुआ है। साइप्रस समेत कई यूरोपीय और अफ्रीकी देशों में यह नेटवर्क फैला है। इस सिंडिकेट में लड़कियों के लिए अलग-अलग काम होता था। लड़कियां जिस हिसाब से एक्ट करती थी उसी के हिसाब से रकम दी जाती थी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कई देशों की स्ट्रीमिंग वीडियो बनाने वाली कंपनियों के साथ नोएडा के दआरोपी पती के संबंधों की जांच कर रही है। ईडी ने दंपती के घर छापा मारकर इस अंतरराष्ट्रीय रैकेट को पकड़ा था।

ईडी ने जिस घर में कार्रवाई की वहां आपत्तिजनक कंटेंट अपलोड करने के लिए स्टूडियो बना मिला। जांच में सामने आया है कि कंपनी के डायरेक्टर उज्ज्वल किशोर और उसकी पत्नी नीलू श्रीवास्तव एडल्ट वेबकैम स्टूडियो चला रहे थे। यह रैकेट पांच साल से दोनों चला रहे थे। जांच में कई अन्य लोग भी रडार पर हैं और आने वाले दिनों में कई गिरफ्तारी हो सकती है। इस रैकेट का सरगना पहले रूस के सेक्स सिंडिकेट का हिस्सा रह चुका है। इन लोगों ने अब तक 500 से अधिक युवतियों को हायर किया है।

### ईडी ने छापा मारकर पकड़ा पूरा रैकेट

रैकेट का सरगना पहले रूस के सेक्स सिंडिकेट का हिस्सा रह चुका



### पर्पज कोड देकर खातों में मंगाई रकम

दंपती ने गलत तरीके से 'पर्पज कोड' देकर अपने बैंक खातों में विदेशी पैसा लिया। इन दोनों ने बैंकों को विज्ञापन, मार्केट रिसर्च से लेकर जनमत संग्रह के नाम पर गलत तरीके से पर्पज कोड दिए थे। दरअसल, पर्पज कोड एक विशिष्ट कोड होता है जो किसी देश के केंद्रीय बैंक द्वारा जारी किया जाता है। यह कोड अंतरराष्ट्रीय भुगतान के लिए लेनदेन की प्रकृति को स्पष्ट करता है।

### लड़कियों को 2 लाख रु. महीने कमाने का प्रस्ताव

दिल्ली-एनसीआर की कई युवतियों से सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क किया जाता था। सोशल मीडिया पर विज्ञापन में मॉडलिंग ऑडिशन की जानकारी दी जाती थी। जब युवतियां नोएडा स्थित घर पर ऑडिशन देने पहुंचती थीं तो आरोपी की पत्नी उन्हें अश्लील रैकेट का हिस्सा बनने का प्रस्ताव देती थी। इस प्रस्ताव में 1 से 2 लाख महीने कमाने का प्रलोभन दिया जाता था।

# केरल में 'थेय्यम' की धूम, पर्यटकों के लिए बना आकर्षण का केंद्र

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर में इन दिनों पारंपरिक धार्मिक उत्सव 'थेय्यम' को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुट रहे हैं, जिनमें विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। केरल पर्यटन विभाग से जुड़े 'स्टोरी टेलर' (किस्सागो) रजीश राघवन ने बताया कि उत्तरी केरल के कन्नूर और आसपास के जिलों में थेय्यम बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है, जिसमें 3-4 या अधिक थेय्यम पात्र विशेष प्रकार की पारंपरिक वेशभूषा पहनकर इस कला का प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने बताया कि यह एक प्रकार का नृत्य-पूजा अनुष्ठान है, जिसमें थेय्यम के पात्र मूक-अभिनय करते हैं। थेय्यम का शाब्दिक अर्थ 'देवता का प्रतिरूप' होता है। रजीश ने बताया कि यह सदियों पुरानी परंपरा है और एक समूह कई प्रकार के थेय्यम की प्रस्तुति करता है।















आधार कार्ड^ पर लोन व कैश EMI | ₹60^ प्रतिदिन EMI | 5% इंस्टेंट डिस्काउंट^ चुनिंदा कार्डों पर | HDFC BANK pine labs PAY LATER

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #As per combined sales volume of 100-110cc motorcycles for FY 24 by a single company. Data Source: SIAM's domestic sales data FY 2024. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. The offer is applicable on purchase of HF series & Splendor+ series from authorised dealers of HeroMotocorp using any HDFC Credit Card on all Pine Labs POS terminals. The 5% cashback upto ₹5000/- is applicable on minimum transaction of ₹40,000. T&C apply. *Ex-showroom price of HF Deluxe Self non i3s drum brake & Splendor+ Xtec 2.0 variant in Raipur.

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

टोल फ्री 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: बिलासपुर: सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो 9289922706, अंबिकापुर: आनंद हीरो 9289922359, सरगुजा हीरो 9289923110, कोरबा: शांति हीरो 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो 9289923057, रायगढ़: गोयल हीरो 9289922373, आदित्य हीरो 9289923091, जांजगीर: आनंद हीरो 9289922772, बैकुंठपुर: आर.के. हीरो 9289922812, जशपुर: आकाश हीरो 9289922909, एसोशिएट डीलर: खड़गांव: बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415, चौरा: ओम ऑटो एजेंसी: 7000316070, सरिया: अग्रवाल ऑटो सेण्टर 9993121909, गौरेला: श्री माँ नर्मदा मोटर्स 7587796622 / 7587796611, सनावल: सोनी ऑटोमोबाइल्स 9479235816, रतनपुर: माँ महामाया मोटर्स 9754240437 / 8839972027, बलोदा: श्री कमला ऑटो 9926515216, मरवाही: राहुल ऑटोमोबाइल्स 8889467369 / 8719087320, मुगेली: महावीर मोटर्स 9993855199, मनेन्द्रगढ़: विवेक ट्रेडर्स 6261178785, कटघोरा: श्री शारदा एंटरप्राइज 9809809925, शिवरीनारायण: सुल्तानिया ऑटा केयर 9407600319, सक्ती: गोयल ऑटो 9303571001, 7000490324, खरसिया: विजय ऑटो एजेंसी 9993093829, सीतापुर: श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांव: ज्योति ऑटो 9406399000, सारंगढ़: गोपाल ऑटो सेंटर 9827893203, सूरजपुर: आशा ऑटोमोबाईल्स 9826440096, अकलतरा: श्री ऑटो 9424174274, कोटा: उर्मिला मोटर्स 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स: 6268000180 / 8718888789, रामानुजगंज: प्रीति ऑटोमोबाईल 8827674000, बाराद्वार: दुर्गा ऑटो एजेंसी 8319982160, उदयपुर: बंसत ऑटोमोबाईल्स 9406022927, तपकरा: प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुर: तायल ऑटोमोबाईल्स 9617218005, पटना: आयुश ऑटोमोबाईल्स 8839141926, पाली: आनंद ऑटोमोबाईल 7089519999, राजपुर: महामाया एजेंसी, 9516209272 / 9340726288, महापाली: साहू ऑटोमोबाइल, 7746028455, मदनपुर: ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपत: मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, ऐडिशनल वर्कशॉप: अम्बिकापुर: आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: ओरियन ऑटोव्हील्स 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्कस्: उरगा: बालाजी सर्विस स्टेशन 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: बिलासपुर (सकरी) सत्या सर्विसेज, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पा: आनंद हीरो 7909901444, कोरबा: शांति हीरो, 7440299000 Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुर: सत्या हीरो 9289922464, खड़गांव: बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415

VML.5798.2025HIN

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com